गुरु जो ऐसा चाहिये जो शिष्य लीजिये होय। जन्म जन्मका मोरचा पलमें डारे धोय॥
जो सुखको मुनिवर रटे, करणा करें विलाप। वह सुख पलमें देत है साधो संगति आप॥
जगत मोह फांसी अजर कटे न आन उपाय। जो नित सत्संग करत सहज मुक्त हो जाय॥

श्लोक - गंगा पापं शशी तापं दैन्यं कल्प तरुर्हरेत। श्री मद्भागवत
पापं तापं तथा दैन्यं सर्व साधु समागमः॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

॥ ईश्वर की माया ॥

शास्त्रों में माया की अनेक प्रकार से व्याख्याएं मिलती हैं।

(१) जो वस्तु भूत, भविष्यत और वर्तमान तीनों ही काल में है ही नहीं उसको है ऐसा मानना इसी का नाम माया है।

(२) जीव के आत्म स्वरूप को जो अपने आवरण से आच्छादित कर ली है वह माया है।

(३) जो वस्तु यथार्थ ज्ञान होने के उपरान्त समूल निवृत्त हो जाती है। उसका नाम माया है।

(४) कार्य-कारण (जगत कार्य और परमात्मा उसका कारण है) के भेदका कारण है अर्थात कार्य कारण के भेदको उत्पन्न करने वाली जो वस्तु है वही माया है।

(५) माया वास्तव में कुछ नहीं है, परन्तु वेद में आत्मा को जगत का कारण तथा सर्व जगत रूप कहा है। इससे जगत का कारण सिद्ध होने के लिये ये अर्थात जगत के उत्पन्न होने में परमात्मा आदि को ही कारण मूल है ऐसा निश्चय होने के लिये माया की केवल कल्पना मात्र की गई है।

(६) अपने अधिष्ठान में जो आत्मा है उसके साक्षात्कार द्वारा जब अज्ञान की निवृत्ति होती है तब सर्वत्र परब्रह्म ही-परब्रह्म भासमान होता है वह जो अज्ञान है उसी का दूसरा नाम माया है।

(७) परमात्मा भगवान की उस आदिशक्ति महामाया का नाम माया है जो भगवान की सत्ता पाकर समस्त जगत विलास को रचती है। माया है इस माया का आवरण कैसे दूर हो भगवत्कृपा से उसके भजन से अतः—

जीव देवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।
मामेव ये प्रपद्यन्ते माया मेतां-तरन्ति ते॥ गीता

हरिमाया कृत दोष गुन। बिनु हरि भजन न जाहीं।
भजहु राम सब काम तज। अस विचार मन माहीं॥ तुलसीकृत

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

शीतलवन्त सबतें बड़ो, सब रत्नों की खान। शांत कौन है
तीनलोक की सम्पदा मिली शीतल में आन॥
॥ शान्त कौन है॥ १५

जिसने साधना के द्वारा अपनी इन्द्रियोंपर विजय प्राप्त करली है। जो समस्त प्राणियों और वस्तुओं के प्रति समदृष्टि रखता है। भविष्य के लिये प्रारब्धजन्य प्राप्त होनेवाले सुख दुःखों को न चाहता है और न छोड़ता है उसे शांत कहते हैं।

जिसकी दृष्टि समस्त प्राणियों के प्रति प्रेमपूर्ण और अमृत धारा के समान सुखद होती है उसे शांत कहते हैं।

जिसका अनन्तकाल सर्वदा के लिये शीतल हो चुका है जो भावनाओं में डूबने नहीं लगता व्यवहार करते हुए भी उसमें प्रसक्त नहीं होता उसे शांत कहते हैं।

चिरकाल तक रहनेवाली आपत्तियों में और महाप्रलय उपस्थित होने पर भी जिसके मनमें घबराहट नहीं होती। त्रिविध शरीर के प्रति अहंता ममता नहीं होती उसे शांत कहते हैं।

जिसकी मनोवृत्तियां व्यवहार करते समय भी राग द्वेष आदि दोषों से दूषित नहीं होतीं, आकाश के समान निर्लेप और स्थिर रहती है। उसे शांत कहते हैं।

योगवासिष्ठ मुमुक्षु व्यवहार प्रकरण

॥ ज्ञान की सात भूमिकाओं में "जिसमें शुभेच्छा प्रथम है" वे ये हैं अध्याय १३ श्लोक ५

(१) शुभेच्छा (२) विचारणा (३) तनुमानसा (४) असंसक्ति (५) पदार्थाभावनी
(६) तुर्यगा (७) सत्त्वापत्ति

ये सात ज्ञान भूमि योगवासिष्ठ में

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यच्च कामसुखं लोके . यच्च दिव्यं महत्सुखम् ।
तृष्णाक्षय सुखस्यैते . नार्हतः षोडशीं कलाम् ॥ व्यास .
न सुखं देवराजस्य . न सुखं चक्रवर्तिनः । 32 सप्त
यादृशं वीतरागस्य . मुनेरेकान्त शीलिनः ॥ व्यास

श्लोक = क्षमा तीर्थं तपस्तीर्थं. ~~तीर्थं~~ तीर्थमिन्द्रिय निग्रहः ।
सर्व भूत दया तीर्थं, ध्यान तीर्थं मनुत्तमम् ॥ ~~वृहस्पति~~
एतानि पंच तीर्थानि सत्य षष्ठानि सर्वदा ।
देहे तिष्ठन्ति सर्वत्र एषु स्नानं समाचरेत् । वृहस्पति

~~स्नान~~ अथ
आत्मा नदी संयम पुण्य तीर्थो सत्योदका शील तटा दयोर्मिः ।
तत्राभिषेकं कुरु पाण्डु पुत्र . न वारिणा शुद्ध्यति चान्तरात्मा ॥

श्लोक : न तथा पुष्करे स्नात्वा . गयायां कुरु जाङ्गले ।
मुच्यते पुरुषः पापाद्यथा ~~स्नात~~ स्नातः क्षमा ह्रदे ॥ पापाद्यथा

श्लोक : सर्व यज्ञेषु यद्दानं. सर्व तीर्थेषु यत्फलम् ।
सर्व दान फलं वापि. तन्न तुल्य मितिंसया ॥

श्लोक सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात्सत्यम प्रियम् ।
प्रियं च नानृतं ब्रूयादेष धर्मः सनातनः ॥

रागान्धोहिजनः सर्वो न पश्यति हितोहितम् ।
रागं तस्मान्न कुर्वीत. यदीच्छेदात्मनो हितम् ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

असत्यमपि वक्तव्यं गो ब्राह्मण हितायच ॥
सत्यादपि हि तत्सत्यं न सत्यं सत्य मुच्यते ॥

क्षमा तीर्थं तपस्तीर्थं, तीर्थमिन्द्रिय निग्रहः ।
सर्व भूत दया तीर्थं, ध्यान तीर्थं मनुत्तमम् ॥

एतानि पंच तीर्थानि - सत्यषष्ठानि सर्वदा ।
देहे तिष्ठन्ति सर्वस्य, एषु स्नानं समाचरेत ॥

न तथा पुष्करे स्नात्वा, गया यां कुरुजाङ्गले ।
मुच्यते पुरुषः पापाद्यथा स्नातः क्षमादिषु ॥

निगृहीतेन्द्रिय ग्रामो, यत्र यत्र वसेन्नरः ।
तत्र तत्र कुरुक्षेत्रं, निमिषं पुष्कराणिच ॥

इदं तीर्थमिदं नेति, ये नरा भेद दर्शिनः ।
तेषां विधीयते तीर्थं गमनं तत्फलानिच ॥

सर्वं ब्रह्मेति यो वेत्ति, न तीर्थं तस्य किंचन ।
जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तेषु, ब्रह्मण्येव स वर्तते ॥

स्नानं मनोमलत्यागो, दानं चाभय दक्षिणा ।
ज्ञानं तत्त्वार्थ संबोधो, ध्यानं निर्विषयं मनः ॥

मनसश्चेन्द्रियाणांच, ऐकाग्र्यं परमं तपः ।
तज्ज्यायः सर्व धर्मेभ्यः सधर्मः पर उच्यते ॥

ध्यानं.

सर्वज्ञोऽहं, मनन्तोऽहं - सर्वेशः, सर्वशक्तिमान् ।
आनन्दः सत्यबोधोऽहं, मिति ब्रह्मानु चिन्तनम् ॥

मैं सर्वज्ञ हूँ । मैं अनन्त हूँ । मैं सर्वेश और सर्वशक्तिमान हूँ । मैं आनन्द हूँ मैं सत्य हूँ मैं ज्ञान हूँ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ध्यान

अज अमर अमृत अभय पूर्णतम पुरुषोत्तम सर्वेश्वर सर्वशक्तिमान अखण्ड अनन्त सत्घन चित्घन प्रत्यक् दर्शी, प्रत्यक् चैतन्याभिन्न कन्दर्प दर्प दलन पटियान सौन्दर्य सुधासिन्धु पूर्णानुराग रस सार सागर श्री व्रजेन्द्र नन्द नन्दन श्री कृष्णचन्द्र आनन्दकन्द परम तत्व।

धर्म किसको कहते हैं

~~धर्म कि इति~~

यतो अभ्युदय निश्रेयस स सिद्धिः स धर्मः॥ वैशेषिक शास्त्र 1ला अध्याय - 1

दोला: मल विक्षेप आवर्ण यह, लगो ~~या~~ धी तीन।
देखि परे किमि आतमा, अन्तः करण मलीन॥

दोहा: मल कहते हैं पाप को - सो स्वधर्म ते जाय।
चंचलता विक्षेप चित, थिर उपासना पाय
आवर्ण कहत अज्ञान को, ज्ञानभये ते नाश।
तब मुमुक्षु ज्ञानी भया - तोड़ि अविद्या पाश॥

अर्थ: मल पाप को कहते हैं सो स्वधर्म अर्थात अपने वर्णाश्रमानुसार कर्तव्यकर्म से नष्ट होजाते। चित की चंचलता को विक्षेप कहते हैं वह - उपासना (शिव, विष्णु इत्यादि देवमेंसे किसी एक सगुन स्वरूप के ध्यान से शांत होती है। आवर्ण अज्ञानता को कहते हैं जब ज्ञान होनेसे उसका नाश होता है तब मुमुक्षु पुरुष अविद्या माया का बन्धन तोड़के ज्ञानी होजाता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(ब्रह्म ज्ञानियों के लिये पूजा) श्रीशंकर स्मृति ६३४

दोहा श्लोक ॥

एकमेव परं पूजास्वावस्थासु सर्वदा ।
एकं बुद्ध्या तु देवेशे विधेया ब्रह्मवित्तमैः ॥

अर्थ - ब्रह्म वेत्ताओं को (भेद भाव रहित) बुद्धि से देवेश-परमात्मा की इस प्रकार परा पूजा सदा सब अवस्थाओं में हमेशा करनी चाहिये

श्लोक = (आत्मा त्वं गिरिजा मतिः सहचराः प्राणाः शरीरं गृहम् ।
पूजा ते विषयोपभोगरचना निद्रासमाधिस्थितिः ।
संचारस्तु पदाः प्रदक्षिण विधिः स्तोत्राणि सर्वा गिरो,
(गृहस्थ पूजा) यद्यत्कर्म करोमि तत्तदखिलं शम्भो तवाराधनम् ।

इस प्रकार निराकार परमात्मा की स्थूल पूजा नहीं होती है, तथापि साकार-मूर्ति की साकार पूजा सफल होती है। प्रेमी-भक्तों की भावना से निराकार ही साकार रूप में प्रगट होता है। यद्यपि साकार रूप में स्थित नहीं है तथापि वह - निराकार की प्राप्ति में अवलम्बन साधन हो सकता है. इससे लाभ यही है कि वह दिव्य चिन्मय साकार पूजा की भावना से प्रभुमय होजाता है. इसलिये साकार पूजा का विधान सफल है।

यद्यपि पूर्ण परमात्मा हीनतीन अज्ञानी मनुष्यों से अपने लिये मान-प्रतिष्ठा की इच्छा नहीं करता। तथापि प्रभु भक्त परमात्मा के उद्देश्य से जो जो दुःख पूजा मान प्रतिष्ठा करता है उसके फल का भागी आपही स्वयं बनता है। जैसे बिम्ब को समर्पण किया हुआ पदार्थ प्रतिबिम्ब को अनायास ही प्राप्त होता है। तद्वत ईश्वर बिम्ब है और जीव उसका प्रतिबिम्ब है। इसलिये ईश्वर पूजा का फल जीव कोटी - अनन्त गुणा होकर मिल जाता है। - श्रीशंकर स्मृति सुधा. दुः

। शिव कृपा बिना नसिद्धि . शिव कृपा बिना न बुद्धि ।
। शिव कृपा बिना न भुक्ति . शिव कृपा बिना न मुक्ति ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्लोक- वर्णाश्रमाभिमानेन. श्रुतिदासो भवेन्नरः ।
वर्णत्रयी विहिनश्च. धारतो श्रुति मूर्धनि ।।
दिग्देश कालाद्यनपेक्षि. सर्वग-शीतादि द्वन्द्वनित्य सुखं निरंजनम् ।
यः स्वात्म तीर्थं भजते विनिष्कियः स सर्व नित्सर्व गतो मृतो ह्यतः ।।
अर्थ आत्मज्ञानी पुरुष एकाग्रचित्त होकर पूर्व आदि दिशा और कुरु आदि देश और भूत भविष्यत वर्तमान काल इनकी अपेक्षा से रहित सर्वव्यापक और शीत उष्ण इन दोनों के नाश करने वाले नित्य सुख स्वरूप और निरंजन अर्थात् मायादि के कार्य मलरूप मल से रहित ऐसे आत्म तीर्थ का स्वरूप की दृष्टियों को छोड़ कर सेवन करता है वही सर्वव्यापक और मृत अर्थात् मुक्त पुरुष कहलाता है ।
तीर्थ लेना - कहा भी है -
आत्मा नदी संयम पुण्य तीर्थो. सत्योदका शील तटा दयोर्मिः ।
तत्राभिषेकं कुरु पाण्डु पुत्र. न वारिणा शुद्ध्यति चान्तरात्मा ।।
अर्थ हे पाण्डु के पुत्र युधिष्ठिर ! इंद्रियों को रोकना जिसका पुण्य तीर्थ है सत्य जिसका जल है शील जिसका तट है और दया ही जिसमें तरंगों की माला है ऐसी आत्म रूपी नदी में स्नान करो क्योंकि केवल जल से ही भीतर की आत्मा शुद्ध नहीं होती है ।
श्लोक - सम्पूर्ण जगदेव नन्दनवनं सर्वौषधि कल्प द्रुमाः ।
गाङ्गं वारि समस्त वस्तु निवहाः पुण्याः समस्ताः क्रियाः ।।
वाच्यः प्राकृत संस्कृताः श्रुति शिरो वादाश्च सर्वे मुनिः ।
यस्मिन्नमावेत सागरे खिलतं तोये परे ब्रह्मणि ।।१।।
अर्थ- जो ज्ञानी पुरुष सच्चिदानन्द घनब्रह्म रूपी सागर में निरन्तर लीन रहता है उसे लिये सम्पूर्ण जगत नन्दनवन के तुल्य है और सब औषधि कल्पवृक्ष के समान हैं गंगा आदि के जल समस्त वस्तु के तुल्य है और सम्पूर्ण क्रिया पुण्य रूप तालाब बावली आदि के जल के तुल्य है और सम्पूर्ण वेद शास्त्र संस्कृत भाषा वा प्राकृत भाषा में कहे हुए सब ही शास्त्र और सम्पूर्ण मुनि शुभाशुभ कर्म पुण्य रूप हो जाते हैं उस्सी वास्ते हे युधिष्ठिर ! तुम इस परब्रह्म रूपी सागर में लीन हो जाओ ।
श्लोक - स्नात्वा तेन समस्त तीर्थ सलिले स्नातश्च सर्वा पृथ्वी कृत्वा तेन तुलां च सर्व सरितो यज्ञाश्च सर्वे हुताः ।
संसारात्च समुद्धृताः स्वपितरः त्रैलोक्य पूज्यस्तथा ।
मुक्त्वा ब्रह्म विचारणे क्षण मपि स्थैर्यं मनः प्राप्नुयात् ।।
अर्थ- जिसका मन ब्रह्म के विचार में क्षण मात्र भी स्थिर होगया उसने सम्पूर्ण तीर्थों के जल में स्नान सम्पूर्ण पृथ्वी का दान हजारों यज्ञों का लाभ सम्पूर्ण देवताओं का पूजन और इस संसार से अपने पितरों का उद्धार कर लिया ।
पाप - तीर्थ में पूजनीय वस्तु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दोहा- ध्यान धरूं ओंकार का, व्यापक ब्रह्म प्रतीक।
लगे मुमुक्षुन के हिये, ज्ञानामृत यह नीक॥

अर्थ- व्यापक ब्रह्म प्रतीक (मूर्ति) जो ओंकार है, उसका ध्यान धरता हूं ताकि यह "ज्ञानामृत" नामक पुस्तक मुमुक्षु भव्यों को अच्छी लगे।

भावार्थ- जिस प्रकार शालिग्राम तथा नर्मेश्वर की प्रतिमा को श्रद्धा तथा विश्वास पूर्वक पूजन करके विष्णु तथा शिव का परोक्ष ज्ञान होता है। इसलिये ये शालिग्राम तथा नर्मेश्वर को प्रतिमा को प्रतीक कहते हैं। उसी प्रकार प्रणव की उपासना द्वारा जिज्ञासु पुरुष व्यापक ब्रह्म का साक्षात्कार (अपरोक्ष) करता है इसलिये प्रणव ब्रह्म का प्रतीक है।

श्लोक- प्रणवो धनुः शरोह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्य मुच्यते।
अप्रमत्तेन वेधव्यं शरवत्तन्मयो भवेत॥

अर्थ- प्रणव (ओंकार) को धनुष, जीवात्मा को शर, और उस ब्रह्म को तल्लक्ष्य कहा गया है, साधवान होकर बेधन करने योग्य है। अर्थात प्रणव रूपी धनुष पर जीवात्मा रूपी बाण को चढ़ाकर सावधानी पूर्वक अर्थात अन्तःकरण तथा इंद्रियों को वश में करके बेधे (मारे) तात्पर्य यह जीवात्मा बाण की तरह ब्रह्म में मिलकर तन्मय होजाय॥

ओंकार जो यह एक अक्षर है सो ही यह सब जगत है, भूत भविष्य और वर्तमान जो ये तीन काल हैं सो सब ओंकार ही है और जो इस तीनकाल से परे अर्थात जिसमें तीन काल कालित हैं वह ब्रह्म भी ओंकार ही है। ॐ जो यह एक अक्षर है सो ब्रह्म है इसलिये ॐ हे अर्जुन! सब वेदों में मैं ओंकार हूं॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

॥ ॐ कार में तीनों देवता हैं ॥

"अकार उच्यते विष्णु - उकारश्च पिता मतः ।
मकार उच्यते रुद्रो, तत्परं ज्योतिरोमिति ॥"

अर्थ = अर्थात् अकार विष्णु, उकार ब्रह्मा तथा मकार रुद्र = कहाता है. और उससे परे जो अमात्रा है वह ज्योति (साक्षी) कहलाता है । इस प्रमाण से ओंकार में विष्णु ब्रह्मा इत्यादि शब्द हैं अतः शब्दों का समूह होने से ओंकार वाक्य है । प्रथम के अर्थात् रूप तीन चरणों को छोड़कर चौथे-चरण (साक्षी) में लक्षणा - (चिन्तन) करने से अपने स्वरूप का अपरोक्ष ज्ञान रूप फल होता है क्यों कि केवल चौथा-चरण साक्षी होने से अपना शुद्ध स्वरूप ही है । अपना स्वरूप किसी को परोक्ष नहीं है । और उस साक्षी का ब्रह्म से अभेद होने से अपने से भी ब्रह्म का अभेद ही सिद्ध होता है ।

॥ चारों वर्णों के सामान्य धर्म ॥ (मनुस्मृति)

सत्यं दमस्तपः शौचं, सन्तोषो ह्रीः क्षमार्जवम् ।
ज्ञानं शमो दया ध्यानमेष धर्मः सनातनः ॥१॥

अर्थ - सत्य दम तप शौच सन्तोष ह्री, क्षमा आर्जव, ज्ञान शम, दया और ध्यान ये ब्राह्मणादि चारों वर्णों के सनातन धर्म हैं ॥

चारों वर्णों के विशेष धर्म

क्षोन - (अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा ।
दानं प्रतिग्रहं चैव ब्राह्मणानामकल्पयत् ॥

ब्राह्मण क्षत्रि

जन्मनाजायते शूद्रः संस्कारेण द्विजोत्तमः ।
वेदाभ्यासी भवेद्विप्रो ब्रह्म जानाति ब्राह्मणः ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अर्थ - सृष्टि के आदि काल में सर्वेश परमेश्वर ब्राह्मणों के लिये वेदों का पढ़ना तथा पढ़ाना, यज्ञ करना तथा कराना और दान देना तथा लेना ये छः कर्म बनाये॥

श्लोक - क्षत्रिय
प्रजानां रक्षणं दान, मिज्याध्ययन मेवच ।
विषयेष्व प्रसक्तिं च, क्षत्रियस्य समादिशत॥२

अर्थ = प्रजा की रक्षा दान यज्ञ अध्ययन और विषयों में अनासक्ति इत्यादि क्षत्रिय के धर्म कहे गये॥

श्लोक - वैश्य
पशूनां रक्षणं दान. मिज्याध्ययन मेवच ।
वणिक पथं कुसीदं च वैश्यस्य कृषि मेवच॥

अर्थ = पशुओं की रक्षा दान, यज्ञ, अध्ययन व्योपार, धन को वृद्धि के लिये सूद लेना और कृषि इत्यादि धर्म वैश्य के लिये कहे।

श्लोक - शूद्र
एक मेव तु शूद्रस्य प्रभुः कर्म समादिशत ।
एतेषामेव वर्णानां शुश्रुषा मन सूयया॥ मनुस्मृति

अर्थ = निन्दा आदि से रहित होकर ब्राह्मणादि तीनों वर्णों की सेवा करनी यह धर्म शूद्र के लिये कहे।

- चारों वर्णों के विशेष धर्म बताये गये हैं ....

गीता में भी - चारों वर्णों के विभाग गुण कर्म अनुसार - बताये हैं॥

पांच महायज्ञ - देवयज्ञ (अग्नेहोत्रादि) ऋषियज्ञ (वेदपाठ संध्यागायत्री जपादि)
पितृयज्ञ - (तर्पण श्राद्धादि) मनुष्ययज्ञ (अतिथि सेवा) भूतयज्ञ (बलिवैश्व)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भगवान ने गुण कर्मों के विभाग के अनुसार चारों वर्णों को बनाये।

श्लोक) चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुण कर्म विभागशः।
तस्य कर्तारमपि मां विद्ध्य कर्तारमव्ययम्॥
गीता. ४।१३

अर्थ - तथा हे अर्जुन! गुण और कर्मों के विभाग से ब्राह्मण - क्षत्रिय वैश्य और शूद्र मेरे द्वारा रचे गये हैं। उनके कर्ता को भी मुझ अविनाशी परमेश्वर को तू अकर्ता ही जान॥

श्लोक) न तदस्ति पृथिव्यां वा दिवि देवेषु वा पुनः। गीता १८ ४०
सत्त्वं प्रकृतिजैर्मुक्तं यदेभिः स्यात् त्रिभिर्गुणैः॥

अर्थ - हे अर्जुन! पृथ्वी में या स्वर्ग में अथवा देवताओं में ऐसा वह कोई भी प्राणी नहीं है कि जो इन प्रकृति से उत्पन्न हुए तीनों गुणों से रहित हो क्योंकि यावन्मात्र सर्व जगत त्रिगुणमयी माया की विकार है।

श्लोक) ब्राह्मण क्षत्रिय विशां शूद्राणां च परंतप।
कर्माणि प्रविभक्तानि स्वभाव प्रभवैर्गुणैः॥ गीता १८।४१

अर्थ - इसलिये हे परंतप! ब्राह्मण क्षत्री-यों वैश्यों के तथा शूद्रों के भी कर्म स्वभाव से उत्पन्न हुए गुणों करके विभक्त किये गये हैं। अर्थात पूर्व कृत कर्मों के संस्कार रूप स्वभाव से उत्पन्न हुए गुणों के अनुसार विभक्त किये गये हैं॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्लोक ब्राह्मण } शमो दमस्तपः शौचं, क्षान्ति रार्जव मेव च । गीता १८ ४२
ज्ञानं विज्ञान मास्तिक्यं, ब्रह्म कर्म स्वभावजम् ॥

अर्थ= शमो: अन्तःकरण का निग्रह (दम= इन्द्रियों का दमन, बाहर भीतर की शुद्धि धर्म के लिये कष्ट सहन करना, और क्षमाभाव एवं मन इन्द्रियां और शरीर की सरलता आस्तिक बुद्धि शास्त्र विषयक ज्ञान और परमात्मा तत्त्व का अनुभव भी ये तो ब्राह्मण के स्वाभाविक कर्म हैं ॥

श्लोक क्षत्रिय } शौर्यं तेजो धृति र्दाक्ष्यं, युद्धे चाप्यपलायनम् ।
दान मीश्वर भावश्च, क्षात्रं कर्म स्वभावजम् ॥ १८ ४३

अर्थ= शूरवीरता तेज धैर्य, चतुरता और युद्ध में भी न भागने का स्वभाव एवं दान और स्वामीभाव अर्थात निःस्वार्थभाव से सब का हित करने का शास्त्रानुसार शासन द्वारा प्रेम के सहित पुत्र तुल्य प्रजा को पालन करने का भाव ये सब क्षत्रिय के स्वाभाविक कर्म हैं ॥

वैश्य श्लोक } कृषि गौरक्ष वाणिज्यं, वैश्य कर्म स्वभावजम् । गीता
परिचर्यात्मकं कर्म - शूद्रस्यापि स्वभावजम् ॥ १८ ४४

अर्थ= तथा खेती, गौ पालन और क्रिय विक्रयरूप सत्य व्यवहार ये वैश्य के स्वाभाविक कर्म हैं । और सब वर्णों की सेवा करना यह शूद्र का स्वाभाविक कर्म है ॥

सारांश = उपरोक्त वर्णों के स्वाभाविक गुण कर्म को अनुसार धर्म पालते हुए अपने अपने स्वाभाविक कर्म में लगा हुआ मनुष्य भगवत प्राप्तिरूप परम सिद्धि को प्राप्त होता है । परन्तु जिस प्रकार वे अपने स्वाभाविक कर्म में लगा हुआ मनुष्य परम सिद्धि को प्राप्त होता है ॥ गीता १८ । ४५ ।

विशेष गीता में परमसिद्धि के विषय में देखो ।
१८ । ४६ । ४८

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(सन्ध्याकी आवश्यकता)

ब्राह्मण क्षत्रीऔर वैश्य इन तीनों वर्णों का अधिकार सन्ध्या में है। ये तीनवर्णी सन्ध्याकरकेही और कर्म के अधिकारी होते हैं। सन्ध्यातानपुरुष के किये हुए सभी कर्म निष्फल होजाते हैं। जैसा शास्त्र में कहा है॥

श्लोक- न गृह्णन्ति सुताः पूजा पितरः पिण्ड तर्पणम्।
स्वेच्छया द्विजातिश्च त्रिसन्ध्यो रहितस्य च॥

अर्थ- जो तीनसंध्यासेरहित स्वेच्छाचारी द्विजाति (ब्राह्मण-क्षत्री. वैश्य) हैं उनके पूजा को देवता तथा पिण्ड तर्पणको पितर ग्रहण नहीं करते और भी कहा है।

श्लोक- सर्व कर्म परित्यज्य सूतके मृतके तथा।
नित्यजेन्मानसी संध्या न त्यजेत शिव पूजनम॥

अर्थ- जन्म सूतक तथा मरण सूतकमें सम्पूर्ण शुभ कर्मों को त्याग करके भी मानसिक संध्या तथा मानसिक शिव पूजन न त्यागे। क्योंकि-

श्लोक- विप्रो वृक्षस्तस्य मूलंच, सन्ध्या वेदाः शाखा धर्म-कर्माणि पत्रम्। तस्मान्मूलं यत्नतो रक्षणीयं छिन्ने मूले नैव शाखा न पत्रम्॥

अर्थ- विप्ररूपी वृक्षकी जड़ सन्ध्या है और वेद शाखा (डालियां) तथा धर्म कर्म पत्ते हैं इसलिये जड़ (सन्ध्या) की रक्षा यत्न पूर्वक करनी योग्य है क्योंकि जड़ (सन्ध्या) के नष्ट होजानेमें शाखा (वेद) पत्ते (धर्म-कर्म) नहीं रहसकते।

और भी कहा है—

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यदि पुरुष ब्राह्मण है, तो स्त्री भी ब्राह्मण है। जैनधर्म का
एकपक्षी आग्रह उतना ही स्त्री को भी। स्त्रियों को
दीक्षा का अधिकार है यह भगवती श्रुति में कहा गया है।
मोक्ष के [illegible] उपदेश और शास्त्रों को सुनना, एकान्त स्थल में
आत्मा का ध्यान करना, और सत्यावबोधाण करना।
यह स्त्रियों के लिये महाभारत के मोक्ष धर्म जिता गीत
पुत्र माता जनक के संवाद की चतुर्थी टीका में
(अध्याय २ पाद ४ के ३६ वें सूत्र से २ वें सूत्र तक)
इन वाक्यों स्त्रियों का वर्णन लिखा है इन प्रमाणों
से स्त्रियों को भी वेदान्त शास्त्र की पूर्ण अधिकारिणी
होना सिद्ध होता है। (दुष्टिमती मति नीति स्त्री यदि
कहावत तो योगाभ्यास विशेष रूप से ब्रह्मचर्य पालन
करसकती है यदि [illegible]

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रमाण में अल्प होने. वैधव्य से दुःखों से
बचने. अपना जीवन सुखमय बनाने की इच्छा से
गोप, लिप्त होते. वे स्त्रियों को उन के पति
(आत्मा) का दर्शन करा, परोक्ष अपरोक्ष का
ज्ञान देकर उनको उसी रीति से प्रसन्नता
से मोक्ष की दीक्षा देते। भोग करने की वासना
त्यागने की आवश्यकता नहीं। संसार में रहते हुए
दिव्य ज्ञान प्राप्त कर मुक्ति का मार्ग
बता सकते।
जो स्त्रियां ज्ञान की आंधी दौड़ में सेवा
के सम्मुख से भगवान की भक्ति
आदि के भावना चक्षु में प्रेम रस

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

एकाहं जपहीनस्तु सन्ध्या हीनो दिन त्रयम्।
द्वादशाहमनग्निश्च शूद्र एवं न संशयः॥

अर्थ = जो ब्राह्मण एकदिन गायत्री के जप से रहित तीन दिन सन्ध्या से रहित तथा १२ बारह दिन अग्निहोत्र से रहित होजाय तो वह शूद्र ही होजाता है इसमें संदेह नहीं है और भी कहते हैं

श्लोक: त्र्यहं सन्ध्या विरहितो द्वादशाहं निरग्निकः।
चतुर्वेदधरो विप्र शूद्र एवं न संशयः॥

अर्थ = जो ब्राह्मण तीन दिनतक सन्ध्या से रहित है और बारह दिन तक अग्नि होत्र से रहित है वह चारों वेदों का पढ़ने वाला क्यों न हो निःसन्देह शूद्र है।

(ब्रह्मचर्य-आश्रम) धर्म

मधु मांसाञ्जनं श्राद्धं गीतं नृत्यं च वर्जयेत्।
हिंसां परापवादं च स्त्रीलीला विशेषतः॥
मेखलामजिनं दण्डं धारयेच्च विशेषतः।
अधःशायी भवेन्नित्यं ब्रह्मचारी समाहितः॥

(संस्कार समुच्चय अध्याय २)

अर्थ = मधु मांस अंजन श्राद्ध का भोजन गान नाच हिंसा परायी निन्दा और विशेषकर स्त्रियों की लीला त्यागदे।
मूंजादिकी मेखला कथनी मृगछाला और दंड इन्हें विशेषकर धारणकरे तथा ब्रह्मचारी सदा सावधानीसे पृथ्वीपर शयन करे और भी पुनः ब्रह्मचारीको चाहिये कि शरीर में तेल इत्यादि का मर्दन न करे छत्र न लगावे जूता न पहने ताम्बूल न खाय और दिनमें सोवे न। तथा स्त्रीका कभी मैथुनसे बचा रहे॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आठ प्रकार के मैथुन से बचे :- स्मरण, कीर्तन, केलि, प्रेक्षण, एकान्त में बार्ता अथवा गोपनीय अंगो का अवलोकन, अध्यवसाय (उपभोग के लिये संकल्प प्राप्ति के लिये प्रयत्न) और क्रिया निष्पत्ति (प्रत्यक्ष प्रसंग) ये आठ प्रकार के मैथुन त्याज्य हैं।

ब्रह्मचारी नित्य प्रातः सन्ध्या, गायत्री का जप अग्निहोत्र, देव स्तुति, माता-पिता और गुरु की सेवा विद्याध्ययन स्नान, त्यक्त अन्न इत्यादि कर्म को प्रति दिन भिक्षा माँगे। धोती चादर और साड़ी स्वच्छ रक्खे।

गृहस्थ-धर्म

गृहस्थ को चाहिये कि नित्य प्रति पंच यज्ञ करे धौम्य शास्त्र में कहा है।

श्लोक : कण्डनी पेषणी चुल्ली उदकुम्भी च मार्जनी।
पंच सूना गृहस्थस्य तासिर्स्वर्गं न विन्दति॥

ओखली, चक्की, चूल्हा, जल रखने का स्थान और झाड़ू इनके द्वारा गृहस्थ के यहाँ पांच प्रकार की हिंसा प्रतिदिन होती है इसलिये गृहस्थ को स्वर्ग प्राप्त नहीं होता जब स्वर्ग ही नहीं तो मोक्ष कहाँ। इन हिंसाओं की निवृत्ति के लिये शास्त्रों में पंच यज्ञ वर्णित किये हैं उसको प्रति दिन करने से हिंसा जन्य पाप नहीं होता। पंच यज्ञों का वर्णन याज्ञवल्क्य स्मृति के इस प्रकार है—

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्लोक = देव यज्ञो भूत यज्ञः पितृ यज्ञ स्तथैव च ।
ब्रह्म यज्ञो नृ यज्ञश्च पंच यज्ञाः प्रकीर्तिताः ॥

अर्थ = ब्रह्मयज्ञ, देव यज्ञ पितृ यज्ञ भूतयज्ञ मनुष्य यज्ञ - इन्हें नृयज्ञ याने अतिथि यज्ञ भी कहते हैं ।

ब्रह्मयज्ञ = नित्यप्रति वेदका पाठ तथा गायत्री का जप ब्रह्म यज्ञ कहलाता है ।

पितृयज्ञ - नित्य प्रति तर्पण (पितरोंको जल देना) तथा अमावस्या आदि पर्वों पर पितरोंको पिंडदान देनेको पितृ यज्ञ कहते हैं ।

भूतयज्ञ = गौ, कौवा, कुत्ता आदि जीवोंको नित्यप्रति तैयार अन्न (भोजन) में से भाग देनेको भूत यज्ञ कहते हैं ।

देवयज्ञ = गायत्री आदि मंत्रों से हवन करने को देव यज्ञ कहते हैं ।

मनुष्य यज्ञ ब्रह्मचारी संन्यासी या कोई ईश्वर का भक्त अथवा किसी भी जाति या वर्णका मनुष्य भूखा - प्यासा या शीत उष्ण से मारा हुआ भिक्षुक अकस्मात दरवाजे पर आजाय उनका सत्कार करना - यथा शक्ति भोजन वस्त्र आदि देकर प्रसन्न करना ।

(अत्रिजी ने छः प्रकार के भिक्षुक कहे हैं)

श्लोक ब्रह्मचारी यतिश्चैव विद्यार्थी गुरु पोषकः ।
अपत्यंग क्षीण वृत्तिश्च षडेते भिक्षुकाः स्मृताः ॥

अर्थ = ब्रह्मचारी, संन्यासी, विद्यार्थी, गुरु को पालन करने वाला शिष्य पथिक और दरिद्री ये छः प्रकार के भिक्षुक कहे गये हैं ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(अधिक धन से हानि)

प्रश्न ? = धनवान होने की इच्छा पाप पुण्य नहीं होती।
क्यों ? अधिक धन कमाने की चेष्टा भी परमार्थ के साधन में विघ्न रूप होती है। धन का मोह मनुष्य की बुद्धि को अनैश्वर्यात्मिका बना देता है। रुपया कमाने के बटोरकर रखने की बात तो—
और भी बुरी है, बढ़ता हुआ धन ही उत्तम पोषक और पोषक होता है। रुका हुआ तो जैसे हृदय में रक्त के संचालन की क्रिया बन्द होने पर वह दूषित होकर मृत्यु का कारण बन जाता है वैसे ही पारमार्थिक भावों के विनाश की कारण होती है। साधारण बात भी ध्यान में रखने की है। कि जो कुछ भी धन कमाया जाय वह न्याय व धर्म से आधा परोपकार होना चाहिये अन्यायका धन तो अपने या पराये जिसके भी काम में आवेगा बुद्धि को बिगाड़ कर आत्मा का पतन ही करेगा। अतः कल्याण के इच्छुक भाई बहनों को सदा सचेत रहना चाहिये।

श्लोक = मनोहि द्विविधं प्रोक्तं शुद्धं वा शुद्ध मेव च।
अशुद्धं काम संकल्पं शुद्धं काम विवर्जितम॥ अमृतनादोपनिषद्

अर्थ = शुद्ध और अशुद्ध भेद से मन दो प्रकार का बताया है। काम और संकल्प युक्त मन अशुद्ध। और वासना रहित मन शुद्ध है।
काम संकल्प वाला मन चंचल होता है। और वासना रहित होकर स्थिर होता है।
इसी स्थिर शुद्ध चित्त में जीव ब्रह्म का भेद ज्ञान नाश करके और हम चैतन्य स्वरूप ब्रह्म हैं। ऐसी दृष्टि वाला ज्ञान उदय होता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हे रामजी जिस पुरुषने आत्माके विवेचन शास्त्रों से श्रवण किये हैं। जो आत्मा नित्य है शुद्ध है ओर ज्ञान स्वरूप है। और तीनों शरीर से भिन्न है ऐसे गुणों करी आपको मानता है और विषय भोगने की सदा तृष्णा रहती है जो किसी प्रकार इंद्रियों के विषय मेरे को प्राप्त होवें ऐसा जो पुरुष है सो अज्ञान बद्ध है।

हे रामजी प्रवृत्ति मार्ग एक निवृत्ति मार्ग। प्रवृत्ति संसार मार्ग है निवृत्ति आत्मज्ञान मार्ग है॥ उन में जिस पुरुष ने निवृत्ति मार्ग धारा है और प्रवृत्ति मार्ग विषे वर्तता है॥ प्रवृत्ति कहिये जो बहिर्मुख विषयकी ओर वर्तता है और इन्द्रियों के विषयकी वांछा करता है॥ विषयतें उपरांत नहीं होता तिनकरी तुष्ट मान होता है और स्वरूप का अभ्यास नहीं करता ऐसा पुरुष अज्ञान बद्ध होता है।

हे रामजी जो ते उत्तम शुभ कर्म करता है परंतु विषे उनके फलों को धारि रखी॥ उस पुरुष ज्ञान के निकट वर्ती है तो भी ज्ञान बंध है और जिसको आत्म विषे प्रीति भीति विषयों को चिंतवता है और आपको उत्तम मानता है सो ज्ञान बद्ध कहाता है॥

उनको जो आत्म तत्त्व का निरूपण जथार्थ करता है और स्थिति नहीं उस ज्ञान आभास ते ज्ञान का फल तिसको प्रत्यक्ष साक्षात्कार नहीं॥ ~~और जिसको प्राप्त हो दृढ़ता नहीं है~~

आगे देखो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अरु जिस पुरुषने सिद्धता पाई है. अरु ऐश्वर्य पाया है. तिसकी आज्ञा बड़ा जानता है और अज्ञान ते रहित है. सो ज्ञानवंथ है ॥

हे रामजी ने हृदयास करिकै जो ज्ञानकी प्राप्ति होती है — तिसकरी शांति का प्रकाश होता है. जबलग शांति नहीं प्राप्त होती तबलग आपको बड़ा न माने। हे रामजी बड़ा जो होता है सो ज्ञान करि होता है। जबलग ज्ञान नहीं उपजा तबलग आत्मा जो परायण होवे अभ्यास जतन करे. छोड़ न देवे अरु चेष्टा शुभ करे। शुभ चेष्टा करी उपजीविका उत्पत्ति करणी. प्राणों की रक्षा के निमित्त अरु प्राणों को. बल जिज्ञासा के अर्थ-धारे ॥ अरु बल जिज्ञासा इस निमित्त है. जो तत्त्वा समुद्र रूपते मुक्त होवे। बहुरी संसार न होवे यह इसी निमित्त आत्म परायण होवे। जब आत्म परायण होवेगा तब दुःख सब मिटि जावेंगे। जैसे सूर्य के उदय हुए अन्धका नष्ट होजाता है. तैसे आत्मपद के प्राप्त हुए दुःख सब नष्ट होजाता है. तिसपद को प्राप्त होने का उपाय इह है जो सत शास्त्रों ते आत्मा के उपदेश सुने है. तिनको समुझकरी बारम्बार अभ्यास करना। और अनात्म दृश्य ते उपरामता होणा तिनको मिथ्या जाणी वैराग्य करणा। इसकरी आत्म पदकी प्राप्ति होती है

विप्र सलाये जात है मान बड़ाई वंश।
निश्चय करके देखलो रावण कैरव कंस॥
विप्र वंश की असप्रशुताई — अमल होय जो तुलसी डारी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(क्रोध त्याग की महिमा)

शुक्राचार्यजी अपनी कन्या देवयानी से कहते हैं। देवयानी! जो नित्य दूसरों के द्वारा की हुई अपनी निन्दा को सहन लेता है तुम निश्चय जानो। वह उसने सब को जीत लिया। जो बिगड़े हुए घोड़े के समान उमड़े हुए क्रोध को रोक लेता है उसी को साधु लोग जितेन्द्रिय कहते हैं। केवल घोड़े की लगाम हाथ में रखने वाले को नहीं। देवयानी! जो पुरुष उमड़े हुए क्रोध को अक्रोध के द्वारा शान्त कर देता है तुम निश्चय जानो उसने सब को जीत लिया। जो पुरुष उमड़े हुए क्रोध को क्षमा के द्वारा शान्त कर देता है। और सर्प के द्वारा पुरानी केंचुली छोड़ने के समान क्रोध का त्याग कर देता है, असल में वही पुरुष कृतज्ञ माना है। जो क्रोध को रोक लेता है। निन्दा को सह लेता है। और दूसरों के द्वारा सताये जाने पर भी उनको बदले में नहीं सताता वही अर्थ (परमात्मा की प्राप्ति) का अधिकारी होता है। जो सौ वर्ष तक बिना कुछ खाये पीये रहे और जो कभी क्रोध न करे। इन दोनों में क्रोध न करने वाला पुरुष श्रेष्ठ है। — महाभारत आदि पर्व

नोट - अविद्या अहंकार राग और द्वेष आदि दुष्ट स्वभाव से तथा नीच पुरुषों के संग से पतन होने की राह प्राप्त होती है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(जीव और ईश)

1 प्रत्येक पिंड में जो अन्तः करण से सहित आनन्द स्वरूप चेतन है वह — जीव कहलाता है। सर्वव्यापी चेतन एक होने पर भी अन्तः करण युक्त जीव अनेक होते हैं अनेक क्रिया होते हैं जैसे कहीं — सर्व व्यापक आकाश अनेक घट रूप उपाधियों के कारण अनेक — घटाकाशों के रूप में दिखाई देता है।

2 महासागर में जल अखण्ड रूप से एक समान व्याप्त है किन्तु जब — हमारी दृष्टि उसके किसी एक विशेष सूक्ष्म स्थान पर जाती है तब उसे जल बिन्दु कहते हैं। और जब सम्पूर्ण जल का विचार करते हैं तब उसे महासागर कहते हैं। एक उदाहरण और लीजिये हमारे पास चौसठ पैसे हैं। उनमें से एक को तो पैसा कहते हैं और सारे समुदाय को रुपया। प्रत्येक — टुकड़ों में तांबा और राजाका सिक्का होता है। इन राजा के सिर से युक्त तांबे के एक टुकड़े को पैसा कहते हैं और सबको मिलाकर एक रुपया कहा जाता है। वैसेही एक एक देह में व्याप्त अन्तः करण युक्त चेतन को जीव कहते हैं। और सब देहों में व्याप्त अन्तः करण युक्त चेतन को ईश ईश्वर परमेश्वर या भगवान कहा जाता है।

जीवको अपने देहकी अभिमान होता है। परन्तु ईश को सभी स्थितियों से होता है। देहमें व्याप्त संस्कार युक्त चेतन को जीव कहते हैं। और संस्कार रहित चेतनको चेतन आत्मा कूटस्थ साक्षी आदि नामों से कहा जाता है। इसीप्रकार सारी सृष्टि में व्याप्त सब जीवोंके संस्कार समुदाय सहित चेतनको ईश ईश्वर परमेश्वर या भगवान कहते हैं। और संस्कार समुदाय रूप उपाधि से रहित चेतनको ब्रह्म परब्रह्म परा — विभूति इत्यादि नामसे कहते हैं।

(आगे देखिये)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यों तो जीव, आत्मा = ईश और ब्रह्म सब एकही सच्चिदानन्द है।
जीव का अज्ञानावरण विकार यानी अज्ञान या अविद्या से युक्त है इसी-
अविद्या के कारण वह स्वयं आनन्द घन होने पर भी अपने को दुखी-
मानता है। तथा पूर्ण होने पर भी अपूर्ण मानता है। इस सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड
के आगे. एक हेला इतना अल्प है कि नहीं के बराबर है। इसीसे उस
हेला के अभिमानी जीव का ज्ञान भी अत्यन्त अल्प है। इसलिये वह-
अज्ञानी कहलाता है। अल्प उपाधियों में व्याप्त जीव अल्प का अभि-
मानी होने से अल्पज्ञ है और सारे ब्रह्माण्ड में व्याप्त होने के कारण
ईश सर्वज्ञ एवं स्वयंसिद्ध है, इसीसे ज्ञान उसकी उपाधि कहा जाता है।
वे भगवान सर्वशक्तिमान सत्य संकल्प, पूर्ण दया और पूर्ण करुणा आदि
दिव्य गुणों से विभूषित हैं। इसी से सगुण विभूति या सगुण ब्रह्म
कहलाते हैं। अज्ञानी जीव अपूर्ण, निःसहाय और दुखी होने के कारण पूर्ण
एवं सर्वशक्तिमान परमेश्वर की कृपा सम्पादन करना चाहते उनकी-
उपासना मांगे. मन बुद्धि स्वभावतः होती है, भगवान के बिना जीव भाग्यहीन
होता है. जीव के एकमात्र सहारे भगवान ही अनन्य शरण गति ही इष्ट-
अत्यन्त उत्कृष्ट और अविच्छिन्न प्रेम है: क्योंकि तत्त्वतः तो वे एकही हैं
जैसे जीव का वे ही भगवान का भी जीव पर स्वभाविक प्रेम है. जीव-
भगवान के साथ अपना सम्बंध जानते. उसका भूल स्वभाव से ही
कोई प्रयास करने की आवश्यकता नहीं है. परन्तु अज्ञान वश सम्बंध को भूले हुये
तो भी स्वभाविक होने के कारण वह प्रेम सहजता में प्रगट हो सकता है। परन्तु-
वह विषयों में इतना लिपटा हुआ है कि विषयों के दुःख भोगने के लिये भी
यदि वह एक क्षण के लिये विषयों से मुंह मोड़ ले तो वह सहजही-
ईश के तरफ मुड़ सकता है. और उसे देख पाये—
भगवान तो सदा सर्वदा [illegible]। जिसके [illegible]
त्रिलोक में उसके [illegible]

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वयं ब्रह्मा स्वयं विष्णुः स्वयमिन्द्रः स्वयं शिवः ॥
स्वयं विश्वमिदं सर्वं, स्वस्मादन्यन्न किञ्चन ॥

अर्थात् आत्मा की एकता को मानोगे तो ब्रह्मा, विष्णु आदि भेद अवतार कैसे बनेगा, इस शंका का उत्तर कहते हैं, स्वयम् इति ॥ स्वयं आत्मा ही ब्रह्मा चतुर्मुख है। आत्मा ही चतुर्भुज विष्णु है। आत्मा ही देवराज इन्द्र है, आत्मा ही शंकर रूप है, यह देवता जैसे ही बृहस्पति आदि अन्य देवता भी आत्मा ही है। जैसे एक नट नाना रूप रंग भूमि में, दिखावे है, तैसे एक आत्मा ही स्थावर जंगम रूप होकर दीखे है। आत्मा से भिन्न लेश मात्र भी नहीं है ॥

अन्तः स्वयं चापि बहिः स्वयं च,
स्वयं पुरस्तात् स्वयमेव पश्चात् ॥
स्वयं ह्यवाच्यां स्वयमप्युदीच्यां,
तथोपरिष्टात्स्वयमप्यधस्तात् ॥

अर्थ = स्वप्न मनोरथ में प्रतीत जगत् मानसिक वा आधिभौतिक सर्व आत्मा ही है, तैसे जाग्रत में दीखता स्थूल प्रपंच आत्मा है, पूर्व दिशा में स्थित पदार्थ आत्मा है, और पश्चिम दिशा में स्थित पदार्थ आत्मा ही है, तैसे दक्षिण दिशा में स्थित आत्मा ही है, उत्तर दिशा में स्थित आत्मा है। तैसे ही ऊपर स्वर्ग अन्तरिक्ष में स्थित और पाताल आदि में स्थित सर्व पदार्थ आत्मा ही है।

इसका = जैसे तरंग फेन आवर्त बुद बुदे आदि सर्व जल के अंश स्वरूप करके जल ही है, अन्य नहीं है, तैसे ही देह से आदि अहंकार पर्यन्त चेतन रूप ही है और शब्दादि विषय समूह सर्व एक रस निर्मल चेतन रूप ही है चेतन से अतिरिक्त कुछ नहीं है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अहंकार —

विवेक ज्ञान से छेदन हुआ भी अहंकार लेशमात्र प्रतीत होवे है।
तिसको भी अनर्थ की कारणता निरूपण करे हैं। समूलकृत
हति। अतिबली अहंकार छेदन किया हुआ भी अनात्म पदार्थों के
प्रवाह के सन्मुख हुआ भूत भावी पदार्थों के चिन्तन का प्रकृति
रूप चित्त के रंके पुनः स्मृत होवे है। जैसे कि मैं बड़ा कुलीन था
राजा था। धनवान था, सो मैं अब सर्व इच्छा को त्याग के विरक्त
हुआ हूं। मेरे समान को ईश्वर त्यागी नहीं है इत्यादि रूप
अहंकार लेश जिस समय उदय होवे उसी समय प्रतीति मात्र
करके उत्पन्न होवे जैसे वायु करके उत्थान किया मेघ वर्षा ऋतु
में मकानों को गेरना आदि अनेक विक्षेप करता है। तैसे तीव्र
स्वल्प अहंकार भी समाधि से उत्थान वैराग्य की शिथिलता
अमानित्व आदि साधनों के भंग को करता है तिस कारण इस
मरे हुए अहंकार का स्मरण मात्र भी न करना चाहिये।
मृतक के जीवन में इच्छा ना करे = निगटहा होते।
अहंकार को विनाश करके विषयों के चिन्तन द्वारा अहंकार शत्रु को =
जीवन को समय न देना चाहिये। खोही अहंकार के जीवन का कारण है
जैसे = अति सूखे हुए जंबीर वृक्ष के जीवन को हेतु जल है। और
तैसे मरे पुरुष का भी वासना वश से जन्मान्तर होता है।
तैसेही नष्ट हुए अहंकार का भी वासना द्वारा पुनर्जीवन
बन सके है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(बड़े का आसरा)

रहिये लटपट काटि दिन बरु घामें मा सोय।
छाँह न बाकी बैठिये जो तरु पतलो होय॥
जो तरु पतलो होय एकदिन धोखा दैहै।
जा दिन बहै बयार टूटि तब जाय खजैहै॥
कह गिरधर कविराय छाँह मोटे की गहिये।
पातो सोफे रहाय मूल कोया मा रहिये॥

दुष्ट रहै जा ठौर पर ताको करै विचार।
आग जरोंहै नाखिये जौ पै सीरो छार॥
धन अनेक दीन्हो पढ़ो हो अनेक गुन युक्त।
कर में आवत छेनहू छिन में दरो जात॥
तुलसी ओहन नाव में फिरि नाहीं जल मांह।
बूड़े न बूड़न देत है जाकी पकड़े बांह॥
हा मारो जब उपजै उठो क्रोध जब होय।
विना शील दुर्लभ नहीं जानत है सब कोय॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

॥ शोक किसको नहीं छूता ॥ १

सुखं वा यदि वा दुःखं प्रियं वा यदि वाप्रियम् ।
प्राप्तं प्राप्त मुपासीत हृदयेना पराजितः ॥
शोकस्थान सहस्त्राणि. भय स्थान शतानिच ।
दिवसे दिवसे मूढ मावि शन्ति न पंडितम् ॥
बुद्धि मन्तं कृत प्रज्ञं शुश्रूषु मन सूयकम् ।
दान्तं जितेन्द्रियं चापि शोको न स्पृशते नरम् ॥
एतां बुद्धिं समास्थाय गुप्त चित्तश्चरेद् बुधः । द
उदयास्त मयज्ञं हि । न शोकः स्पृष्टु महति ॥

यः सुखको चाहे दुःखको अच्छा लगे चाहे बुरा लगे। जैसी भी दशा आकर पड़े उसको हृदय से हारे बिना भोगे। मूढ़ मनुष्यको शोक करनेके हजारों स्थान हैं। और भय भीत होनेके सैकड़ों स्थान (अवसर) प्रतीदिन प्राप्त होते हैं परन्तु विचार पंडितके ऊपर उनका प्रभाव नहीं पड़ता। बुद्धिमान आगे-पीछेका विचार करनेमें चतुर शास्त्रको श्रवण करनेवाले ईर्षा रहित मनको वशमें रखने वाले और जितेन्द्रिय मनुष्यको शोक नहीं छूता। विद्वान मनुष्य ऐसी बुद्धिका आश्रय लेकर चित्तकी रक्षा करता हुआ संसारका व्यवहार चलावे। जो मनुष्य जगतकी उत्पत्ति और लय के स्थान रूप परब्रह्मको जानता है उसको शोक नहीं छू सकता॥

(महाभारत मोक्षधर्म पर्व १७४/३१/३२)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रामजी ने पूछा - हे मुनिस्वर आत्मपद अत्यन्त कैसे अकथ अचिन्त्य है अर्थात् इन्द्री अरु मनका विषय नहीं इन्द्रियों करी ग्रहण नहीं होता अरु मनके चिन्तवनसे भी नहीं आता॥ जो बड़े महापुरुष हैं तिन करके कहने में भी नहीं आता ऐसा जो अचेत चिन्मात्र आत्म तत्त्व है सो शास्त्र करी कैसे जाना है? शास्त्र तो आवेष्टे प्रतियोगी करी कहते हैं सो सविकल्प है॥ सविकल्प करके निर्विकल्प पद कैसे जाना जाता है॥ गुरु अरु शास्त्र करके जानिये॥ और विकल्प रूप जो शास्त्र तिन विषे भी सार अर्थ पाता है॥ परन्तु विकल्प परिच्छेद प्रति योगी जो तिस लायक है तिन करके स्वात्मा क्यों करी जानिये॥ वासेते हे रामजी गुरु और शास्त्र करी नहीं जानता अरु गुरु शास्त्र विना भी नहीं जानाजाता। हे रामजी नानाप्रकार जो विकल्परूप शास्त्र हैं तिन करके निर्विकल्परूप कैसे जानता है॥ परन्तु तिसप्रकार इनकी जाना है सो श्रवण॥ हे रामजी एक व्यवधान हेतुके एकटिक थे एक स्थानों विषे स्थित होते हैं तिनको आपसमें आनप्रकार उत्पत्ति नहीं होती॥ जैसे वसन्त ऋतु विषे मंजरी जो पुष्पकी उत्पत्ति होती है सो भोजनभी नहीं जुड़ता॥ जैसे कमल जलसे निकसे नेत्र दृश्य जाता है॥ तैसे संदेहादिक जो कि एकटिक आपदा हती थी सो दूर करी सुदृश्या॥ तत्त्व उनने विचार किया जो किसीप्रकार हमारी उर पूर्णता चले॥ जिसके वे वनमें जाकी लकड़ी को लेने गये हमारे अन्न अरु पोषण चलो इसप्रकार वह अपने कार्यको गये॥ काल व्यतीत हुआ कोई एक व्यक्ति को पड़ा देखा तो उसको बेचने को माणिक्य मोती पाया॥ इसप्रकार ढूंढते ढूंढते रत्न प्राप्त भये उनको बेचके विशेष ऐश्वर्य प्राप्त भया अरु वह जो ठाकुर अन्न वस्त्रसे रहित भये तहाँ बेचना छोड़ दिया॥ आगे को भी स्थान ढूंढने लगे तो रत्नसे भी विशेष कीमती रत्न मिले॥ सो वो किसी वणिक पृथिवी खोदते रत्नचिन्तामणि प्राप्त हुई॥ जिसके ब्रह्मा रुद्र इन्द्र आदिके समान ऐश्वर्य को प्राप्त हुए॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सासंग्रा - हे स्वामी जीतने उद्यम करके बनवी सेवनाकी अहें बड़ा सुखदीला
देखो चाहिये लकड़ी उठाते भये - वाहीं वृक्षके लकड़ी प्राप्त हुई उसमें दुखदीया और
वाहीं रत्नभी मिले इनसे और भी ऐश्वर्य मिलता वाहीं चिंतामणी प्राप्त भई
तिनसे सब संताप मिट गये - तिनसे परम ऐश्वर्यवान हुए - पानी सबको बनसे
ही प्राप्त भया और जो बनके निकट नहीं गये घरही बैठे रहे सो दुखितहो
कीए प्राणोंको त्यागते भये ॥

इस पर रामजी श्रीवशिष्ठजीसे पूछते भये कि हे भगवन यह जो
कीटका वृत्तांत कहा सो इसका तात्पर्य नहीं जाना, उस कीटके जैसे थे
और बन क्या था और आश्रम क्या थी कृपाकरी कहिये ॥

वशिष्ठजी बोले हे रामजी जिसने कुछ जीत देखता है सो सब कीट है
तिनको अज्ञानरूपी आपदा लगी है । अध्यात्मक, आधिभूतक, आधिदैविक
जो तीनों ताप हैं ।

अध्यात्मक - कामक्रोधादिक मानसिक दुख है ।
आधिभूतक = देहके वातपित्त, कफ आदिक विषमते जैसे ज्वर खांसी
अंधे आधिदैविक = जो गहते दुख आनि प्राप्त होजावे जैसे सांप
बिच्छू, शस्त्र लगजावे और अभक्षके भक्षण होजावे चोर पीड़ा
गण ग्रह आदि से नुकसान होजावे ऐसी चिंताको पाके जलतारहे
उपरोक्त तापोंको मिटाने के लिये जो प्रयत्नके सार रूपी विचारके पास
गये उनके ताप मिटके सुखी होत भये । जो अर्थी सुख के निमित्त
शास्त्ररूपी वनको सेवते भये तिनको, तिनको सत्कर्मरूपी लकड़ियां प्राप्त हुई
जिससे नरकरूपी उदरपूर्णिका जो दुःखथा सो निवृत्त भया और स्वर्ग
रूपी सुख पावते भये ।

बहुत समय शास्त्ररूपी वनको सेवते सेवते उपासनारूपी चन्दनरूपी
वृक्ष जिनको प्राप्त भया तिससे और दुखभी निवृत्त भये, विशेष मुक्तिरूप
पावते भये सो अपने इष्टदेवताओंको सेवताहै तब स्वभावहि विशेष सुखी
होपाता है

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

और अन्त स्थानको प्राप्त होता है- बहुरि शास्त्र रूपी वनको ढूंढता है
तब विद्या रूपी विशेष रत्न पाकर विशेष सुखको पावता है। जब-
सत-असत का विद्या इसको प्राप्त होता है। तब सर्व दुःख इसके तह
होजाते हैं। और जो इह जो लाभ प्राप्त होता है सो शास्त्र करके होता है-
क्यों? जैसे अन्य पदार्थ चन्दन लकड़ियां वन विषे उपजते- त्यों ना-
मणि गुप्त थी। — तैसे अब शास्त्र विषे धर्म-अर्थ-काम प्रगटे-
और ज्ञान रूपी चिन्तामणि गुप्त है। जब शास्त्र रूपी वन पृथ्वी को-
वैराग-और अभ्यास रूपी जतन करी खोजे, तब आत्म रूपी चिन्ता-
मणि को पावता है। हे रामजी वन विषे उन चिन्तामणि तब पड़े
क्यों? वहां चिन्तामणि का बनथा। परन्तु जब अभ्यास रूपी तलवार ही
और जीवन में पड़ी है तैसे गुरु शास्त्र रूपी माटी के खोदने वाले है-
तब भला आत्म तक खाने तब आप ही चिन्तामणि वत आत्म
प्रकाश आता है। जैसे माटी के अन्दर चिन्तामणि हो- वैसे ही अविद्या
रूपी पृथ्वी में- दास-अधलोभादि मिटी मिली है-
जैसे मिट्टी के लटने से चिन्तामणि दिखाती है- मिलती है वैसे ही
शरीर से दास-अधलोभादि वासना के लटजाने से-
आत्म प्रकाश स्वयं ही प्रकाशित होता है- जैसे बादल
जाने से सूर्य का तब लगि सुन्दर रूप जो- कैसे दृगहि दिखाई॥
आत्म तत्व को पाने के लिये मन रूपी मैल को हटाने से ही आत्म तत्व
प्राप्ति होती।

जैसे — माटी के खोदने से चिन्तामणि का प्रकाश उपजता है- कहते
क्योंकि चिन्तामणि आगे ही प्रकाश रूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वोदने से यानी मिथ्यात्व से आवरण दूर हुआ तब आत्म चिन्तामणि दिखाई (प्राप्त हुई) वैसे ही गुरुवाक्य के वचन तिनके अभ्यास की अनाः करण सुध होती है (स्वच्छ होती है) तब आत्म सत्ता स्वतः प्रकाश आती है।

गुरु वाक्य के विश्वास की अभ्यास करने से अनाः करण के मैल याने आवरण अलग होजाते जैसे बादलों के हट जाने से सूर्य स्वयं ही प्रकाशित होजाते वैसे ही अनाः करण से मैल रूपी आवरण हटने से आत्म तत्व स्वतः ही प्रकाशित होजाते! गुरु वाक्य तो मलीनता दूर करते और आत्म प्रकाश स्वतः दिखते अस्तु!

(संत के गुण)

इतने गुण जामें सो सन्त। कल्याण

श्री भागवत मध्य जस गावत, श्रीमुख कमला कन्त ॥१॥
हरि को भजन साधु की सेवा, सर्व भूत पर दाया।
हिंसा, लोभ, दंभ छल त्यागो, विष सम देखे माया ॥२॥
सहनशील, आसय उदार अति धीरज सीतल विवेकी।
सत्य वचन, सबको सुखदायक, गहि अनन्य व्रत एकी ॥३॥
इन्द्रीजित, अभिमान न जाके, करै जगत को पावन।
भगवत रसिक तासु की संगति, तीनहु ताप नशावन ॥४॥

दिव्य वर्ष-युगों का प्रमाण—
१०० दिव्यवर्ष का - कृतयुग
२०० दिव्यवर्ष का द्वापर
३०० दिव्यवर्ष का त्रेता
४०० दिव्यवर्ष का कलियुग

मनुष्यों के अनुसार प्रमाण (कल्पाण)
४३२००० वर्ष का कलियुग
८६४००० वर्ष का द्वापर
१२९६००० वर्ष का त्रेता
१७२८००० वर्ष का सतयुग

दिव्यवर्ष = एक दिव्यवर्ष होता है (मनुष्यों के वर्ष ४३२० गुणा करने से)
एक दिव्यवर्ष होगा तब मनुष्यों के ४३२० वर्ष होंगे ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अभेद दर्शी - ज्ञानी

श्लोक यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्येवानु पश्यति।
सर्व भूतेषु चात्मानं ततो न विजुगुप्सते॥

अर्थ, जो साधक सम्पूर्ण भूतों को आत्मा में ही देखता है और समस्त भूतों में भी आत्मा को ही देखता है, वह इस सर्वात्मदर्शन के कारण ही किसी से घृणा नहीं करता॥ ६ म

श्लोक = यस्मिन सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः।
तत्र को मोह: कः शोक एकत्व मनु पश्यतः॥

अर्थ = जिस समय ज्ञानी पुरुष के लिये सब भूत आत्मा ही होगये हैं उस समय एकत्व देखने वाले उस विद्वान् को क्या शोह और क्या मोह हो सकता है?

जो परिवाट मुमुक्षु अव्यक्त से लेकर स्थाणु पर्यन्त सम्पूर्ण भूतों को आत्मा में ही देखता है अर्थात उन्हें आत्मा से पृथक नहीं देखता तथा उन भूतों के आत्मा को भी अपना ही आत्मा जानता है, यानी यह सम्पूर्ण है कि जिस प्रकार मैं इस देह के कार्य लिंग और करण (इन्द्रिय) संघात का आत्मा और इस की समस्त प्रतीतियों का साक्षी चेतायिता, केवल और निर्गुण हूं, उसी प्रकार अपने इसी रूप से अव्यक्त से लेकर स्थाणु पर्यन्त सम्पूर्ण भूतों का आत्मा भी मैं ही हूं। इसी प्रकार जो सब भूतों में अपने निर्विशेष आत्म स्वरूप को ही देखता है, वह उस आत्म दर्शन के कारण ही किसी से जुगुप्सा यानी किसी से घृणा नहीं करता।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(यानें सभी प्रकार की घृणा अपने से भिन्न किसी दूषित पदार्थ को देखने वाले पुरुष को ही होती है। जो निरन्तर अपने अत्यन्त विशुद्ध आत्म स्वरूप को ही देखने वाला है उसकी दृष्टि में घृणा का निमित्त भूत कोई अन्य पदार्थ ही नहीं है यतः जगत् स्वतः मृत हो जाती है, इसलिये वह किसी से — घृणा नहीं करता।

(ब्रह्म जानने का उपाय)

(नाहमस्मीति) मैंने ब्रह्म को भले प्रकार जान लिया है। ऐसा मैं नहीं मानता हूँ। और मैं ब्रह्म को नहीं जानता हूं ऐसा भी नहीं मानता हूं। क्योंकि जानना और न जानना धर्म बुद्धि का है, जब ब्रह्म साक्षात् होता है तब बुद्धि का अभाव होता है। और बुद्धि के अभाव होने से मैं ऐसे कह सकता हूं कि मैं ब्रह्म को जानता हूं या नहीं जानता हूं। जब शास्त्र प्रमाण करके गुरु के उपदेश करके और अपने अनुभव करके सम्पूर्ण जगत ब्रह्म ही स्वरूप है और जानने योग्य जो ब्रह्म है वह मैं ही हूं तब मैं ऐसे कह सकता हूं कि मैं ब्रह्म को जानता हूं मानो जानता हूं जो एक रूप से सर्व गुणातीत होकर व्याप्त है उसके जानने और न जानने बनता नहीं।

(मैं ब्रह्म को नहीं जानता हूं ऐसा भी नहीं कह सकता, और ब्रह्म को मैं जानता हूं ऐसा भी नहीं कह सकता क्योंकि वह ज्ञात तथा अज्ञात से भिन्न है। अवाच्य होकर चुप रहना यथार्थ उत्तर है।

नोट = सार वस्तु यह है कि यदि शंकर समझता हो कि मैं ब्रह्म को जानता हूं तो ठीक नहीं है। कि ज्ञाता चैतन्य होता है और ज्ञेय जड़ तो चैतन्य आत्मा बना और ब्रह्म को जड़ बनाया। सो श्रुति स्मृति विरुद्ध है। यदि ऐसा कहे कि मैं ब्रह्म को नहीं जानता हूं तो भी ठीक नहीं।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वेदान्त जब ब्रह्म अज्ञात हो, तब कह सकता है, कि मैं ब्रह्म को
नहीं जान सकता हूं, ब्रह्म तो सदा पूर्ण एक रस सर्वत्र स्थित है
वह अज्ञात कैसे हो सकता है। जो अपना रूप है उस विषे
जानना और न जानना दोनों नहीं हो सकते हैं॥

प्रश्न:- जब ब्रह्म किसी अविद्या के द्वारा नहीं जाना जाता है,
तो उसका भान कैसे होता है।

उत्तर:- प्रति बोधेति। बोध पद का अर्थ बुद्धि की वृत्ति है, जो
चेतन बुद्धि की सब वृत्तियों में प्रति बिम्बित होके उन्हें
वृत्तियों का साक्षी रूप से स्थित है, वही ब्रह्म है॥
॥विदितं मतं॥ यहां - ऐसा भान होता है। अब आत्मज्ञान के फल को
कहते हैं। अमृतत्वं॥ आत्मा के ज्ञान से पुरुष अमृतत्वं को अर्थात्
मोक्ष को प्राप्त होकर जन्म मरण से छूट जाता है॥ आत्मना॥
और समाहित मन करके अर्थात् एकाग्रचित्त करके॥ वीर्य॥
आचार्य के उपदेश की हुई ब्रह्म विद्या की सामर्थ्य को प्राप्त होता है
॥विद्यया॥ और आत्मज्ञान रूपी ब्रह्म विद्या करके॥ अमृतं॥ मोक्ष
को प्राप्त होता है। आत्मा नित्य कंठ में स्थित मणि की तरह प्राप्त है
जैसे किसी के कंठ में मणि जटित भूषण पड़ा था, उसको यह भ्रम
होगया, कि मेरा भूषण खो गया है, इधर उधर खोजने लगा, तब किसी
ने कहा कि हे भाई! क्या खोजते हो? उसने कहा मैं अपनी मणि को खोजता हूं।
तब उसने कहा कि यह मणि तो तुम्हारे कंठ में ही स्थित है। तब उसने यह
सुनि-श्चय किया, कि मणि मेरे गले में थी और कहा के खोई हुई मणी
मिल गई, इसी प्रकार ब्रह्म सदा प्राप्त है॥ वह अपना आत्मा है और
कोई वस्तु नहीं है, मूढ़ पुरुष ब्रह्म को खोजता है॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जिस काल आचार्य शिष्यको उपदेश करता है कि तत्त्वमसि तब वह शिष्य गरजकर कहता है॥ अहं ब्रह्मास्मि॥ मैं ब्रह्मरूप हूँ। फिर ऐसा कहकर अवाच्य होजाता है. क्योंकि ज्ञान होते ही वह अखण्ड आनन्दको प्राप्त होजाता है, वहां सेमन लटलाने लगे और बिना मनके वाक इंद्रिय कुछ कह नहीं सकती है॥

॥ अभिमान रहित होनेपर ॥ अमृतः॥ मुक्त होजाता है॥

एकसमय, अग्नि, वायु, और इन्द्र देवता असुरों को पराजय करके किसी एक पहाड़पर बैठकर अभिमान सहित परस्पर गप्प मारते थे और कहते थे कि तमलोग कैसे लड़े और शत्रुओंको मारा और भगाया. इस अहंकारको परमात्मा न सह सका। तब देवताओंका अभिमान दूर करने के लिये कल्याण रूप यक्ष का रूप धारण करजहांपर सब बैठे थे, समीप आकर दिखलाई दिया। यक्ष ने सबसे पूछा कि तुम कौन हो अग्नि ने अभिमान सेकहा मैं अग्नि देवता हूं. तेरे में क्या सामर्थ्य है मैं सारे संसार को पलभर में भस्म करदेता हूं। यक्ष ने एक तिनका उठाकर कहा कि इसे भस्म करो अग्नि देवता ने सबजोर लगाया पर कुछ नहीं करसका। इसीप्रकार वायु देवता तिनके को उड़ा न सका. उसके तेजसे भी नहीं उड़ा. तो अभिमान से इन्द्र के पास गये इन्द्र आया तब यक्ष अन्तर्धान होगया। इन्द्र देवता अभिमान से रहित होकर उसी स्थानमें नम्रता के साथ खड़ा रहा जहांपर यक्ष स्थित था. और उस यक्ष का ध्यान करने लगा. इतनेमें वह क्या देखता है कि यक्ष के बदले ब्रह्मविद्या स्त्री रूप धारण किये हुए उपचाय स्थित है. वही बड़ी स्वरूप वती है। सर्व के आभूषणोंसे युक्त है. उससे इन्द्रदेव हाथ जोड़कर कहता है कि हे मातः जो यक्ष सन्मुख स्थित था और मेरे आगे से अन्तर्धान होगया वह कौनथा यह वचन सुनकर उमा कहती है कि इन्द्र - अकाल वस्तु यही चेष्टा रहित नो ब्रह्म है. वही यक्ष के रूपको धारण करके इसी जगह में स्थित था. तुम्हारी विजयका कारण भी था.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यह जो तुम्हारा विजय हुआ था, सो ब्रह्म का विजय था तुम वृथा ही अभिमान करते हो कि हमने विजय किया है! तुम्हारे अभिमान को दूर करने के लिये ब्रह्म ने यक्ष का रूप धारण किया था। तब इन्द्र ने ऐसा सुनकर कहा. कि हे मातः! तू सत्य कहती है आज तुम्हारे प्रसाद से मैंने ब्रह्म को जाना॥ तात्पर्य. ब्रह्म प्राप्ति वाला अभिमान रहित होना चाहिये।

तात्पर्य:- इन्द्र करके आगत जो ब्रह्म है. उसका यह नद्यमाण आदेश. है. अर्थात् उपमा रहित ब्रह्म का उपमा करके उपदेश है यह उपदेश कर्ता भी मुमुक्षु प्रति है क्योंकि उनका ब्रह्म सदैव काल प्राप्ति नहीं रहता है, कभी कभी बिजली की तरह चमक कर तिरोधान हो जाता है कारण यह है कि उनको पूरा पूरा वैराग्य नहीं है ऐसी इन्द्र को बिजली के समान दिखाई देकर ब्रह्म तिरोधान हो गया. क्योंकि इन्द्र को शुभ क्रिया का एक शुभ कामना के वश होने से तीव्र वैराग्य नहीं था यही पर मतलब यह है जो मुमुक्षु अहंकार सहित है उसको ब्रह्म की नित्य प्राप्ति होती है जैसे अहंकार सहित होकर अग्नि इन्द्र वायु इन्द्र को ब्रह्म नहीं प्राप्त हुआ. जो मुमुक्षु अहंकार रहित है और वैराग्य सम्पन्न है उसको ब्रह्म की प्राप्ति उपेन्द्र ने भी मिलाई परन्तु उसको बिजली के समान दिखाई देकर तिरोधान हो जाता है जैसे इन्द्र को हुआ था।

नोट- जब इन्द्र यक्ष के पास चलता है बहुत नम्रता से चलता और जब पक्षी अन्तर्धान हो गया तब उसको बड़ी ग्लानि हुई वही उसका कारण वैराग्य था।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्वोपाधि विनिर्मुक्तं - सच्चिदानन्द मद्वयम् ।
भावयात्मानमात्मस्थं न भूयः कल्पसे ऽध्वनि ॥

अर्थ- समस्त उपाधियोंसे रहित अद्वितीय सच्चिदानन्द स्वरूप अपने अन्तः करणमें स्थित आत्माका चिन्तन करते रहो इससे तुम फिर संसार-चक्र में नहीं पड़ोगे ।

जैसे गौ अपने गलेमें पड़ी हुई सांकल रटने अथवा गिनने की ओर कुछ ध्यान नहीं देती । इसी प्रकार आत्मज्ञ की डोरीमें पिरोया हुआ यह शरीर है अथवा जगत जिसकी चिन्तवृत्ति आनन्द रूप ब्रह्ममें लीन हो गई है वह ब्रह्म बेत्ता फिर इसकी ओर नहीं देखता है । (उपाधि)

वैराग्य का फल बोध है, बोध का फल विषयों से उदासीनता तथा उपरति का फल यही है कि आत्मानन्द के अनुभवसे चित्त शान्त राग द्वेष रहित होजाय ॥

श्लोक- वासनानुदयो भोग्ये - वैराग्यस्य परोऽवधिः ।
अहंभावादभावो बोधस्य परमोऽवधिः ॥
लीनवृत्तेरनुत्पत्तिर्मर्यादा परतस्तु सा

अर्थ- भोग्य वस्तुओं में वासनाओंका उदय न होना वैराग्य की परम अवधि है, चित्तमें अहंकार का सर्वथा उदय न होना बोध की चरम सीमा है, और लीन हुई वृत्तियों का पुनः उत्पन्न न होना परम उपरामता की सीमा है ।

निरन्तर अखण्डाकार वृत्तिसे स्थित रहने के कारण जिसकी बुद्धि बाह्य विषयोंमेंसे निकल गई है, और जो निद्रालु अथवा बालक के समान दूसरे के निवेदन किये हुए ही भोग्य पदार्थों का सेवन करता है तथा जो विषयों में बुद्धि जाने पर जो इस संसार को स्वप्न-प्रपंच के समान मिथ्या देखता है वह अनन्त पुण्यों के फलका भोगने वाला कोई ज्ञानी कृष्ण इस पृथ्वी तलमें धन्यवाद और सत्कार के योग्य है = वन्दनीय है ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्लोक - यस्य स्थिता भवेत्प्रज्ञा, यस्यानन्दो निरन्तरः।
प्रपञ्चो विस्मृत प्रायः स जीवन्मुक्त इष्यते॥

अर्थ. जिसकी प्रज्ञा स्थिर है - जो निरन्तर आत्मानन्दका अनुभव करता है, और प्रपंचो को भूलता रहता है वह पुरुष जीवन्मुक्त कहलाता है॥

श्लोक = गुण दोष विशेषेऽस्मिन्स्वभावेन विलक्षणे।
सर्वत्र समदर्शित्वं जीवन्मुक्तस्य लक्षणम्॥

अर्थ = अपने आत्म स्वरूप से सर्वथा पृथक् इस गुण दोषमय संसार में सर्वत्र समदर्शी होना जीवन मुक्त का लक्षण है॥

श्लोक - इष्टानिष्टार्थसम्प्राप्तौ समदर्शितयात्मनि।
उभयत्राविकारित्वं जीवन्मुक्तस्य लक्षणम्॥

अर्थ - इष्ट अथवा अनिष्ट वस्तु की प्राप्ति में समानभाव रखने के कारण दोनोंही अवस्थाओं में चित्तमें कोई भी विकार न होना जीवन्मुक्त पुरुषका लक्षण है।

जो अपनी तत्त्वावगाहिनी बुद्धि से आत्मा तथा ब्रह्म और ब्रह्म तथा संसार में कोई भेद नहीं रखता (देखता) वह पुरुष जीवन मुक्त माना जाता है।

(ब्रह्म तत्त्व जान लेने पर विद्वान को पूर्ववत संसार की आस्था नहीं रहती और यदि फिर भी संसार की आस्था बनी रही तो समझना चाहिये कि वह वस्तुतः संसारी ही है उसे ब्रह्म तत्त्वका ज्ञान नहीं हुआ

(यदि कहो कि पूर्ववासनाकी प्रबलता से फिर भी इसकी संसार में प्रवृत्ति रह सकती है तो ऐसी बात नहीं है क्योंकि ब्रह्म के एकत्व ज्ञान होने (विषयका बाध होजाने के कारण) इसकी वासना मन्द होजाती है, अर्थात प्रवृत्ति-प्रयोजिका प्रबल वासना नहीं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्लोक अत्यन्त कामुकस्यापि वृत्तिः कुंठीति मातरि।
तथैव ब्रह्मणि ज्ञाते पूर्णानन्दे मनीषिणः॥

अर्थ- जिस प्रकार अत्यन्त कामी पुरुष की भी कामवृत्ति माता को देखकर कुंठित हो जाती है। उसी प्रकार पूर्णानन्द स्वरूप ब्रह्म को जान लेने पर विद्वान की संसार में प्रवृत्ति नहीं होती॥

श्लोक अहं ब्रह्मेति विज्ञानात्कल्प कोटिशतार्जितम्।
संचितं विलयं याति प्रबोधात्स्वप्न कर्मवत्॥

अर्थ- जाग जाने पर जैसे स्वप्नावस्था के कर्म लीन हो जाते हैं वैसे ही 'मैं ब्रह्म हूं' - ऐसा ज्ञान होते ही करोड़ कल्पों के संचित कर्म नष्ट हो जाते हैं॥ विद्वान निष्कर्म एवं निर्मल हो जाता है।

(काशी की महिमा)

यत्राम्बु निंद्य मृतमेव मर्त्यजाश्च सुरेश्वरा।
चिन्तामणिज्य पाषाणः सा काशी केन मीयते॥

अर्थ- जिस काशी का जल अमृत की निन्दा करता है और जहां के अन्त्यज देवताओं की निन्दा करते हैं और काशी के पाषाण चिन्तामणि की निन्दा करते हैं ऐसी काशी की उपमा के तुल्य इस लोक में कौन सा महात्मा है।

गङ्गा गङ्गेति यो ब्रूयाद्योजनानां शतैरपि॥
मुच्यते सर्व पापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति॥

अर्थ- कीटाः पतङ्गाः पशवश्च वृक्षाः जले स्थले ये विचरन्ति जीवाः
मण्डूक मत्स्याः कृमयोऽपि काश्यां त्यक्त्वा शरीरं शिवमाप्नुवन्ति॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

काम क्रोधौ लोभ मोहौ - देहे तिष्ठति तस्करः ।
हरंति ज्ञान रत्नानि - तस्माज्जागृहि जागृहि ॥
अहंकार सुतं वित्तं भ्रातरं मोह मन्दिरम् ।
आशा पत्नीं त्यजेद्यावत्तावन्मुक्तो न संशयः ॥
देवता प्रतिमां दृष्ट्वा यति दृष्ट्वा च दंडिनम् ।
प्राणि घातम् कुर्वाणो रौरवं नरकं व्रजेत् ॥
द्वे रूपे वासुदेवस्य - चलंचाचल मेवच ।
चलं सन्यासिनो रूपं अचलं प्रतिमादिकम् ॥
यतिर्यस्य गृहे भुंक्ते तत्र भुंक्ते स्वयं हरिः ।
हरिर्यस्य गृहे भुंक्ते तत्र भुंक्ते जगत्त्रयम् ॥
यति हस्ते जलं दद्यात् भिक्षां दद्यात् पुनर्जलम् ।
तृप्तिदा धेनुना तुल्यं तज्जलं नागदो यथा ॥
ब्रह्मचारी तटस्थश्च वाण प्रस्थो शतानिच ।
ब्राह्मणो णांतु कोवस्तु यति रेको विशिष्यते ॥ + कोऽप्यस्तु

संन्यास धारणं कार्यं - विप्रस्य मुक्ति हेतवे ।
यो विप्रो धारयेद् दंडं - सवै नारायणः स्वयम् ॥
कौपीनं गरिकं वस्त्रं प्रयत्नेन परिधार्यते ।
दण्ड ग्रहण मात्रेण नरो नारायणो भवेत् ॥
यति दर्शन मात्रेण सर्व पापैः प्रमुच्यते ।
तीर्थ व्रतं तपोदानं सर्वयज्ञ फलं लभेत् ॥
धन वृद्धा न्यो वृद्धा विद्या वृद्धास्तथैवच ।
ते सर्वे ज्ञान वृद्धस्य किंकराः शिष्य किंकराः ॥
श्रवणं तु गुरोः पूर्वं मननं तदनंतरम् ।
निदिध्यासन मित्येतत्पूर्णं बोधस्य कारणम् ॥
तुषेण बद्धो व्रीहिः स्यात्तुषाभावेन तण्डुलः ।
एवं हि बद्धस्तथा जीव कर्म नाशे सदाशिवः ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्लोक: गच्छन्तिष्ठन्नुपविश उच्छयानोवा ऽन्यथापिवा ॥
यथेच्छया वसेद्विद्वानात्मारामः सदामुनेः ॥५२८॥

अर्थ- ब्रह्मज्ञानी की सर्वकाल समाधिस्थिति को वर्णन करते हैं। गच्छन्निति- जो पुरुष आत्मा में तृप्त हुआ है और मननशील है ब्रह्मज्ञानी है— सीधी में जाता हुआ अथवा जनशून्य वनमें पद्मादि आसनोंमें बैठा हुआ. पृथ्वीमें शयन करता हुआ. अथवा अन्य प्रकार से मधुआदि विविध देशोंमें गमन करता हुआ. समाधिमें स्थित हुआ. वा सूखे में बैठा हुआ. महलोंमें सोता हुआ. सर्वकाल में अपनी इच्छानुसार विषयोंके परतंत्र कभी नहीं होवे, ब्रह्मज्ञानी को निरंकुश होनेसे उसकी चेष्टा को नियमन नहीं है।

श्लोक व ५२९ न देश कालासनादियमादि लक्ष्याद्यपेक्षा ऽप्रतिबद्ध वृत्तेः ॥
संसिद्ध तत्त्वस्य महात्मनोस्ति स्वेच्छे नियमाद्यवस्था ॥

अर्थ= विद्वान की चेष्टा का नियम न होवे तो भी स्वतन्त्र देशादि की अपेक्षा होगी. इसकी शंका का समाधान करते हैं न इति ॥ प्रतिबन्धरहित जिसकी वृत्ति है. सम्यक आत्माके स्वरूपका जिसने निश्चय कालिय है. ॥ क्लेशरहित जिसका मन है ऐसे ब्रह्मज्ञानीको यमआदि देश चूर्णमाली आदि काल पद्मादि आसन उत्तराहि यम नियमादि योगसाधन स्थूल सूक्ष्मादि लक्ष्य में धारणादि की अपेक्षा— नहीं है ब्रह्मात्मा के ज्ञान में देशकालादि के नियमादि की व्यवस्था क्या होती है? किन्तु इनकी तो उसको

श्लोक ५३० निर्धनोपि सदा तुष्टोऽप्य सहायो महाबलः ॥
नित्य तृप्तोऽप्य भुञ्जानोऽप्यसमः सम दर्शनः ॥

अर्थ= ब्रह्मज्ञानी धनसे रहित भी आत्मधन से सदा सन्तोषवाला होता है सजातीय सहायक न होनेपर भी विवेक धैर्य दम बलयुक्त होता है. पूर्ण भोग में अतृप्त होनेपर भी आत्मानंद के अनुभवसे पूर्ण रहता है. उसके समान दूसरा नहीं है उससे रहित और शत्रु मित्र में समदृष्टि करता है. ऐसा चित्र योग्यवान ब्रह्मज्ञानी विलक्षण स्वभाव वाला है॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्लोक, अशरीरं सदा सन्तमिमं ब्रह्मविदं क्वचित् ।।
प्रश्नु प्रियाप्रिये न स्पृशतस्तथैव च शुभाशुभे ।।

अर्थ = (अशरीरका विवरण करते हैं) ब्रह्मको अपना आत्मा जाननेवाले शरीरके अभिमानसे रहित होकर सर्वकाल विद्यमान इस ब्रह्मज्ञानीको कहीं भी कभी भी किसी कालमें भी पुण्य पाप नहीं छूते। सुखदुख हर्षविषाद को नहीं उदय करते हैं। और इसको अहंकार में उसके सम्बंधवाले भी नहीं होते हैं ।। सुखदुख समझ लेते हैं।।

(ब्रह्मकी प्राप्ति होनेपर) क्या होता है जैसे = विवेकचूडामणि पृष्ठ २१० श्लोकांक

श्लोक, अत्यन्तकामुकस्यापि वृत्तिः कुण्ठति मातरि ।
तथैव ब्रह्मणिज्ञाते पुंसिनन्दे मनीषिणः ।।

अर्थ = जिस प्रकार अत्यन्त कामी पुरुषकी भी काम वृत्ति माताको देखकर कुंठित होजाती है, उसीप्रकार पूर्णानंद स्वरूप ब्रह्मको जाननेवाले विद्वानकी संसार में प्रवृत्ति नहीं होती ।।

श्लोक, क्वचिन्मूढो विद्वान् क्वचिदपि महाराज विभवः
क्वचिद्भ्रान्तः सौम्यः क्वचिदजगराचारकलितः ।
क्वचित्पात्रीभूतः क्वचिदवमतः काप्यविदित-
श्चरत्येवं प्राज्ञः सतत परमानन्द सुखितः ।।२७

अर्थ ब्रह्मवेत्ता महापुरुष कहीं मूढ, कहीं विद्वान और कहीं राजामहाराजा जैसे ठाट-बाट से युक्त दिखाई देता है। वही कहीं भ्रान्त, कहीं शांत और कहीं अजगर के समान निश्चल भाव से पड़ा दीख पड़ता है। सदैव निरन्तर परमानन्द में मग्न ज्ञानी विद्वान, कहीं सम्मानित, कहीं अपमानित और कहीं अज्ञात रहकर अलक्षित गतिसे स्वतंत्र विचरता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भगवद्धामका उत्कर्ष

भगवान नारायणका परमधाम ब्रह्मलोकसे भी परे एवं सर्वोत्कृष्ट है। भगवान विष्णुका वह धाम सर्व तेजोमय एवं अत्यन्त कल्याण दायक है। उसका दर्शन देवताओं को भी दुर्लभ है दानवोंका तो उसमें प्रवेश भी नहीं है। सूर्य तथा अग्निके प्रकाशकी वहां पहुंच नहीं है. वह अपने ही तेज से आलोकित है. मुक्तात्माओं के ईश्वर तथा सबके मूल कारण स्वयं भगवान अपनी दिव्य कांतिसे वहांके सारे जीवोंको दीप्तिमान करते हुए वहां विराजते हैं। वहां जन्म मृत्यु जरा व्याधि की भी गति नहीं है, महर्षियों की तो बात ही क्या है। केवल सर्व त्यागी मुक्तजन वहां पहुंच पाते हैं। चन्द्र सूर्य एवं ताराओं का प्रकाश भी वहां जाकर फीका पड़ जाता है। परमस्वतंत्र अच्युत स्वयं भगवान श्रीहरि वहां अपनी अलौकिक शोभा का विस्तार करते हैं। शुभ कर्मों से जिनका अन्तःकरण शुद्ध होगया है, वे ऐसे परम तपस्वी लोभ मोह से रहित, सर्व त्यागी योग सिद्ध महात्मा ही अपने द्वारा नहीं भगवान नारायण का दर्शन पाते हैं। और वहां जाकर फिर इस संसार में वापस नहीं आते। भगवान का वह दिव्य धाम सनातन, अविनाशी एवं अमृत मय है।

श्लोक: यत्र यत्र मृतो ज्ञानी परमाक्षर चिन्तया।
पर ब्रह्मणि लीयते न तस्योत्क्रांति रिष्यते॥ महाभारत वनपर्व

अर्थ: परम अक्षर को जानने वाला ज्ञानी जहां २ मरता है वहां वहां सदा परब्रह्म में लय होता है अर्थात उत्क्रांति नहीं होती अर्थात वह कहीं नहीं जाता। ॐ

श्लोक: आत्म कल्पेन शास्त्रेण छिन्नं चित्त मिदं यदा
सर्व सर्वगतं शान्तं ब्रह्म सम्पद्यते तदा॥

अर्थ: अनंत कल्प रूपी शास्त्रों से जिस समय चित्त नष्ट हुआ उस समय सर्व व्यापक शान्त ब्रह्म को प्राप्त होता है॥

महाभारत शान्तिपर्व अध्याय १५२

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आत्मा की नित्यता

दोहा · परमानंद समान सुख ; नहीं अहे कुछ आन ।
प्राप्त करहिं तातें परम, कहीं पुरुषार्थ सुजान ।।

अनात्मा (पंचकोष की अनित्यता -

दोहा · शशा-शृंग बन्ध्या सुवन मारवाड़ जिमि तोय ।
गगन बान तिहुं काल तिमि · जगत सत्य नहिं होय ।।
यथा स्वप्न की बात सब जागृत में न दिखात ।
जागृत ही में स्वप्न सी, जागृत बीती बात ।।
अछत देह का दृश्य सब नाशा देह के पात ।
ज्ञान भये पर जगत यह · तथा झूठ दरशात ।।

(वैराग)

दोहा सो मूरख सुख हेतु जो करत तीज यही आस ।
यथा तृषित नर ओस कण · चाटि बुझावे प्यास ।।
कस्तूरी मृग नाभि महं · ढूढत फिरे तमाम ।
तिमि ढूंढत जग अज्ञ नर पावत नहिं विश्राम ।।

(संसार की असारता)

दोहा · जाको देखत ललित तुम, सो तेमर का फूल ।
बड़ो ने दरसे सेड्या · आखिर निकला धूल ।।

(शरीर का दोष)

दोहा · चंचलता अति अल्प बल · अल्प बालस्य दुःख ।
यौवन-ज्वर - मद विविध दुख, पुनः भयो मति भ्रष्ट ।।

अर्थ · ३ बाल्यावस्थामें चंचलता अल्प बल अज्ञानी होने के कारण ४ थे बाल्यावस्था अल्पता दुखदायी है । तथा युवा अवस्थामें (कामाग्नि प्रबलता) आगे कहे तीन प्रकार के दोष (दोहे - दोनों के और भी ति) में बुद्धि ठिकाने नहीं रहती । वृद्धावस्थामें इन्द्रियां शिथिल होजाती हैं और मोह शोक बढ़ जाता है । अनेक कष्टों से अधिक अपमान सहना पड़ता है ।

दोहा · शिथिल भई सब इंद्रियां · मोह शोक बलवान ।
बहुत कष्ट बुढ़ापने · दीनहुते अपमान ।।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(द्रव्य की आसक्ति)

उत्पत्ति जाकी कष्ट से शोक होत जोत मृत्यु।
वृक्षा में जुव काल तिहु होति चंचलाकृत्यु॥

(सुरक्षा की आसक्ता)

दोहा इन्द्रासन हू जिवहु अति व्यर्थ अमर कहलात।
विधिके वासो एकमें चौदह इन्द्र नशात॥

(भोग्यता होती है)

दोहा समसे कलह ऊंचस्थ से डाह निचस्थ मान।
क्षीण पुण्य पुनि जन्मना मृत्युलोक में आन॥

अर्थ - स्वर्ग में ऊंचा दर्जे वालों से झगड़ा, तथा ऊंचे वालों से डाह होती है और नीचे वालों से अभिमान होता है। स्वर्ग में एक अवगुण यह भी है, कि पुण्य के क्षीण होने पर मृत्यु लोक में जन्म लेना पड़ता है। भगवान ने कहा है

क्षीणे पुण्ये मर्त्य लोके विशन्ति।

तेतं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं क्षीणे पुण्ये मृत्य लोके विशन्ति॥

दोहा विश्व बनावन तारविधि काल पाए मिटजात।
छिति कुबेर रवि चन्द्रमुत कौन विरद की बात॥

इसका एक दृष्टान्त रूप में मनुष्य मूर्ति का अध्याय में लिखा है।

छः मास जो उत्तरायण में रहते हैं वह देवताओं का एक दिन और छः मास दक्षिणायन में रहते हैं उसी को रात्रि कहते हैं इस हिसाब से मनुष्यों का एक वर्ष देवताओं के एक दिन रात के बराबर होता है जब देवताओं के ३० दिन व्यतीत हो जाते हैं तो मनुष्यों का ३० वर्ष होते हैं। तथा देवताओं के १२ महीना होते हैं तब मनुष्यों के ३६० बरस होते हैं। देवताओं के वर्ष सत्रह लाख अट्ठाईस हजार वर्षों का सतयुग होता है उसमें मनुष्यों के सत्रह लाख अट्ठाईस हजार वर्ष होते हैं (१७२८०००) देवताओं का (३६००) वर्षों का त्रेता है। वह मनुष्यों के १२९६००० के बराबर होता है तथा (२४००) वर्षों का द्वापर (उसमें मनुष्यों के (८६४०००) वर्ष होते हैं) एक हजार (१२००) वर्षों का कलियुग वह मनुष्यों के (४३२०००) वर्षों के बराबर होता है। चारों युगों की संख्या देवताओं की (१२०००) चारों युगों की मनुष्यों की संख्या (४३२००००) वर्ष की हुई। इसी बारह हजार वर्षों की देवताओं का एक युग होता है यह देव युग, मनुष्यों का महायुग कहलाता है। और इसी युग के इकहत्तर युगों का एक मन्वन्तर होता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दोहा- पालन करता विष्णु है, विधि लोकर यह सृष्टि।
धारण में धरणी भया, मेघ रूप है वृष्टि॥
अमृतमय निज राशि से, होकर शशि नभ माहिं।
औषधि सब पोषण करें, मुख से सभी नशाहिं॥
काल रूप में कल्प है, लव निमेष युग वर्ष।
जल में रस अरु भूमि में, गन्ध वायु में पर्श॥
उष्ण तेज में शब्द नभ, वेदन में अहं भाव।
प्राणिन में मुख्य प्राण है, लोक सकल व्यवहार॥
विद्युत रवि शशि तारका, अग्नि आदि ये सर्व।
परकाशत मम रूप से, उत्तम मध्यम सर्व॥

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया, न बहुना श्रुतेन।
यमेष वृणुते तेन लभ्यस्तनू स्वाम्॥

अर्थ/यह आत्मा न तो बहुत पढ़नेसे प्राप्त होती है, न बहुत सुननेसे ही प्राप्त होती है जिसपर यह आत्मा प्रसन्न होती है उसी अधिकारीके द्वारा अपने स्वरूपको प्राप्त कराती है। भावार्थ यह है कि वेदादि शास्त्रके अध्ययनसे तथा निष्काम कर्म एवं उपासनाके द्वारा जब बुद्धि प्रबल होजाती है और श्रवण मनन तथा निदिध्यासनके द्वारा जब अज्ञान रूपी आवरण दूर हो जाता है, तो उस अधिकारीके हृदयमें आत्मदेव स्वयं प्रकाशित होते हैं। शास्त्र अध्ययन शुद्ध बुद्धि श्रवणादि ये केवल आवरणभंग करनेके हेतु होते हैं आत्माको प्राप्त करनेमें नहीं। आत्मा तो स्वयं प्रकाश स्वरूप है उसको कौन प्रकाश कर सकता है। जिसके हृदयमें अज्ञानरूपी आवरण है उसके लिये प्रकाशित होनेपर भी प्रतीत नहीं होगा। अतः साधन सम्पन्न शुद्धान्तःकरण वाले अधिकारी पुरुष के ऊपर ही अपने सच्चे ज्ञान स्वरूप स्वरूप साक्षात् करानेकी कृपा होती है। उसके दुःखरूप अज्ञान तथा अज्ञानजनित प्रपञ्चकी अत्यन्त निवृत्ति तथा परमानन्द की प्राप्ति होती है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

।ओमित्येदक्षरमिदं सर्वं तस्योपव्याख्यानम्।
भूतं भवद्भविष्यदिति सर्वमोंकार एव ॥
यच्चान्यत्त्रिकालातीतं तदप्योंकार एव ॥
ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म प्रणवः सर्व-वेदेषु ॥

अर्थ- अर्थात ॐ जो यह एक अक्षर है. सो यह सब जगत है. उस ॐकार की आत्मा व्याख्या करता है। भूत. भविष्य और वर्तमान जो यह तीन काल है. सो सब ओंका ही है. और जो इन तीन काल से परे अर्थात जितने ये तीन काल के लिप्त रहित ब्रह्म भी ओंकार ही है, ॐ जो यह एक अक्षर है. सो ब्रह्म है. सब वेदों में ही ओंकार है

प्रश्न- प्रणव (ॐकार) महावाक्य किस प्रकार है.

उत्तर- वर्णों के समुदाय (समूह) को शब्द और शब्दों के समुदाय को वाक्य कहते हैं इस नियम से प्रणव में अकार. उकार मकार और अर्ध मात्रा अर्थात- अ भा उ मा से चार मात्रा (पाद अंश या चरण) है. ॐ इस प्रकार से-

'अकार उच्यते विष्णु उकार उच्यते पितामहः।
मकार उच्यते रुद्रो. तत्परे ज्योतिरोमिति ॥

अर्थात- अकार. विष्णु. उकार ब्रह्मा. तथा मकार रुद्र कहलाता है ॐ इससे परे जो अर्धमात्रा है वह ज्योति स्वरूपी कहलाती है. इस प्रमाण से ओंकार में- विष्णु. ब्रह्मा. इत्यादि शब्द हैं. अतः शब्दों का समूह होने से ॐ का महावाक्य है प्रथम के उपाधिरूप तीन वर्णों को छोड़कर चौथे चरण (साक्षी) में लक्षणा चिन्तन करने से. अपने स्वरूप का अपरोक्ष ज्ञान रूप फल होता है. क्योंकि वह चौथा चरण साक्षी होने से अपना शुद्ध स्वरूप ही है।

प्रश्न- शालिग्राम. इत्यादि प्रतीकों में. तथा प्रणव रूपी. प्रतीक में केवल इतना ही अन्तर है कि शालिग्राम इत्यादि प्रतीकों में शास्त्र अथवा आप्त पुरुषों के वाक्यों पर विश्वास करके विष्णु आदि का परोक्ष ज्ञान होता है. अतः शालिग्राम आदि भावनागम्य हैं और प्रणव में प्रणव में भावना की आवश्यकता नहीं है. केवल चिन्तन की आवश्यकता है. और इससे चिन्तन का फल परोक्ष नहीं होता कि नु अपरोक्ष होता है. क्योंकि प्रणव महावाक्य है. महावाक्य का ऐसा स्वभाव ही है. कि उसके अर्थ के चिन्तन मात्र से. वह वस्तु का- अपरोक्ष (साक्षात) कराता है। अहो

ज्ञानीका अनुभव } ज्ञाता. ज्ञान न ज्ञेय कछु. ध्याता. ध्यान न ध्येय | सर्वहीन अरु सर्वचिन्त तत्त्व कैवल्य है॥
कर्ता भोक्ता कर्म नहिं. द्रष्टा दर्शन दृश्य ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आत्म मस्ती अगर चाहे - अनात्म मस्ती मिटाता जा ।
तत्व अपनी अगर चाहे - तो भेद अपना छिपाता जा ॥
न रह वर्ते न मर भूखा - न जा मंदिर न कर पूजा ।
कुमिक्षा फोड़ दे भंडा - सदा के शौक पीता जा ॥
छोड़ माला तोड़ तागा - फेंक तो बेंडाल पानी में ।
पंडित बन के क्या रत्ना - धर्म मंडित को बहाता जा ॥
त्याग का प्रेम का झाड़ - सफा का दिल के सेहरा को ।
दैत की भस्म भूति हो - स्व जाति पर उड़ाता जा ॥
कहेवो अंक मस्ताना - आत्म दी आप तो जाना
आत्मा है - महात्मों का - इसी को याद करता जा ॥

वर्णाश्रमाभिमानेन - मुक्ति दासो भवेन्नरः ।
वर्णाश्रमी विहीनश्च - भारते मुक्ति मूर्धनी ॥

लोकान वर्तनं त्यक्त्वा - त्यक्त्वा देहानु वर्तनः ।
शास्त्रानु वर्तनं त्यक्त्वा - स्वाध्यासापनयं कुरु ॥
लोक वासनया जन्तो - शास्त्र वासनयापिच -
देह वासनया ज्ञानं - यथा वन्तैव जायते ॥
अभिमानं सुवर्णानं - गौरवं रौरवं तथा
प्रतिष्ठा शूकरी विष्ठा - तीर्त्वा त्यक्त्वा सुखी भवेत

लोकानु वर्तनं त्यक्त्वा - त्यक्त्वा देहानु वर्तनम् ॥ विवेक चूड़ामणि सार्थ
शास्त्रानु वर्तनं त्यक्त्वा - स्वाध्यासापनयं कुरु ॥ २८३ श्लोक २८० से २८१
लोक वासनया जन्तोः शास्त्र वासनयापिच ॥
देह वासनया ज्ञानं - यथा यथा वन्तैव जायते ॥

संसार कारागृह मोक्षमिच्छो - रयोमयं पाद निबंध शृंखलम्
वदन्ति तज्ज्ञा यदवासनाख्यं - यो सादृढ़ः समुपैति मुक्तिम् ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

२७- लोकवासना, देववासना और शास्त्रवासना इन तीनोंको छोड़कर आत्मामें स्थित संसारके अध्यासका त्याग करो।

लोकवासना, शास्त्रवासना और देववासना इन तीनों
२८। के कारण ही जीवको मोक्ष नहीं होता।

हे मोक्षकी इच्छा चाहनेवाले संसारकारागृह नेवटें इसको और इसमें वासनारूपी बेड़ी पड़ी है। जो इसको छुरा काटे हे इन तीनोंवासनाओंका त्याग करे। लोकेषणा वित्तैषणा तबही मोक्ष होगा। इहपर पुत्रैषणा।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अनात्म वासनाओं के समूह से आत्म वासना रहित पुरुष
है इसलिये निरन्तर आत्म निष्ठा में स्थित रहने से
उसका नाश होजाने पर स्पष्ट भासने लगती है।

मन जैसे जैसे अनात्म पुरुष होता जाता है
वैसे वैसे ही वह अन्य वासनाओं को छोड़ता
जाता है, जिस समय वासनाओं से पूर्ण रूप से
छुटकारा होजाता है उस समय आत्मा की
प्रतिबन्ध शून्य अनुभव होने लगता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

1 अभ्यासेन परिस्पन्दे प्राणानां क्षयमागते ।। { १४० (वृद्ध) - महावाक्य रत्नावली
मनः प्रशममायाति - निर्वाणमवशिष्यते ।।

अर्थ- अभ्यास करने से प्राणोंकी क्रियाका क्षय होनेपर मन परम शांत होता है - निर्वाण ही शेष रहता है ।

1 ज्ञेय वस्तु परित्यागे - विलयं याति मानसम् ।।
मानसे विलयं याते - कैवल्यमवशिष्यते ।।

अर्थ- ज्ञेय वस्तु के परित्याग करनेपर मन विलय भावको प्राप्त होता है. मनके विलय होनेपर कैवल्य ही शेष रहता है ।

1 सर्व वेदान्त सिद्धान्त सारं - वाच्यं यथार्थतः ।।
त्वयं मृत्वा त्वयं मृत्वा - त्वयं मेवावशिष्यते ।।

अर्थ- समस्त वेदान्तों के सार को मैं यथार्थ रूप से कहता हूं आपको मारकर आपही उत्पन्न होकर आपही शेष रहता हूं ।। महावाक्यरत्नावली

1 पृथ्वी जलमें, जल अग्निमें, अग्नि वायुमें, वायु आकाशमें, आकाश - इंद्रियोंमें इंद्रियां तन्मात्राओंमें, तन्मात्रा अहंकारमें, अहंकार महत्तत्वमें, महत्तत्व अव्यक्त रूप कारणमें लय होजाते हैं ।

1 अव्यक्त अक्षरमें, अक्षर तम रूप अज्ञानमें लय होता है. तम परदेव परमात्मामें एक भावको प्राप्त होता है । उसपर वे भिन्न नहीं है. न असत है. न सदसत है. अर्थात् वही अद्वैत तत्व है । महावाक्यरत्नावली श्लोक - १५० १५८

ब्रह्माण्ड और उसके अन्दरके लोक कार्यकरणोंको कारणमें लय करके उसके अलावा सूक्ष्मांग कर्मेन्द्रिय प्राण, ज्ञानेन्द्रिय, अन्तःकरण-चतुष्टय (चार - मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार) को एकत्र करके सर्व भौतिक पदार्थों को अपने अपने कारण पंचभूतोंमें मिलाते जाओ - भूमि जलमें, जल अग्निमें, अग्नि वायुमें, वायु आकाशमें, आकाश - अहंकारमें, अहंकार महत्तत्वमें, महत्तत्व अव्यक्तमें, अव्यक्तको पुरुषमें क्रम से लय होते हैं, विराट, हिरण्यगर्भ ईश्वर आदि २ उपाधि विलय होनेपर परमात्मामें लय होजाते हैं ।

विविक्तसेवी लघ्वाशी यतवाक्कायमानसः
ध्यानयोगपरोनित्यं - वैराग्यं समुपाश्रितः ।।

1 एकान्त थोड़ा अहार 3 वाणी कायामनको संयममें लगाओ
2 वैराग्यको ध्यानयोग नित्य

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्लोक: वदन्तु शास्त्राणि यजन्तु देवान् कुर्वन्तु कर्माणि भजन्तु देवताः ॥
आत्मैक्य बोधेन विनापि मुक्तिः न सिद्धति ब्रह्मशतान्तरेऽपि ॥

अर्थ - चाहे शास्त्रों को की व्याख्या करो, देवताओं की यजन करो कर्मो
का अनुष्ठान अच्छी प्रकार करो तथा देवताओं की उपासना करो
परन्तु ब्रह्मज्ञान के बिना आत्मज्ञान के बिना मुक्ति नहीं होती
कल्पों में भी नहीं होती

श्लोक: किं वेदैः स्मृतिभिः पुराण पठनैः शास्त्रैर्मतां विस्तरैः
स्वर्ग ग्राम कुटी निवास फलदैः कर्मक्रिया विभ्रमैः ॥
मुक्तौकं भवबन्ध दुःख रचना विध्वंस कालानलं ।
स्वात्मानन्द पद प्रवेश कलनं शेषा वाणिग्वृत्तयः ॥

अर्थ - श्रुति स्मृति पुराण और बड़े विस्तार पूर्वक शास्त्रों के पढ़ने से क्या फल
और स्वर्ग रूपी ग्राम में कुटी बना के रहना ही जिसका फलदेने वाले
ऐसे कर्मकाण्ड की कर्त्तव्यता है, विभ्रम से क्या है, संसार बन्धन के दुःख
रचना के विध्वंस करने के लिये प्रलयाग्नि की तरह आत्मानंद पद में प्रवेश
करने के एक उद्योग के बिना और सब शेष वाणिज (व्यापार) कार्य हैं ॥

श्लोक: ब्रह्माण्ड मण्डली मात्रं किं लोभाय मनस्विनः ।
शफरी स्फुरिते नाब्धेः क्षुब्धता जातु जायते ॥

अर्थ. मनस्वी अर्थात ब्रह्मविचार ज्ञान के लुभाने को ब्रह्माण्ड मण्डल तुच्छ है
मच्छली के उछलने से समुद्र नहीं उमगता । तात्पर्य यह है कि ब्रह्मज्ञानी का
चित्त समुद्रवत् गंभीर है । त्रैलोक्य की सम्पत्ति उसके आगे छोटी है
मच्छली है ।

श्लोक: वाग्वैखरी शब्द झरी शास्त्र व्याख्यान कौशलम् ।
वैदुष्यं विदुषां तद्वद्भुक्तये न तु मुक्तये ॥

अर्थ. - जिस प्रकार वाणी का रूप लावण्य तथा मंत्री का बजाने का सुख
देना मनुष्यों के मनोरंजन ही का कारण होता है उससे कुछ तात्पर्य की प्राप्ति नहीं होती
उसी प्रकार विद्वानों की वाणी की कुशलता शब्दों का विन्यास व्याख्यान
व्याख्यान की चतुरता और विद्वत्ता भोग ही का कारण है मुक्ति का नहीं ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अविज्ञाते परे तत्त्वे शास्त्राधीतिस्तु निष्फला
विज्ञातेऽपि परे तत्त्वे शास्त्राधीतिस्तु निष्फला ॥

अर्थ- परम तत्त्वको यदि न जाना तो शास्त्र अध्ययन निष्फल होती है और यदि परम तत्त्वको जान लिया तो भी शास्त्राध्ययन निष्फल (अनावश्यक होती) है ॥

श्लोक = शब्दजालं महारण्यं, चित्त भ्रमण कारणम् ।
अतः प्रयत्नाज्ज्ञातव्यं, तत्त्व ज्ञैस्तत्त्व मात्मनः ॥

अर्थ= शब्द जाल तो चित्तको भटकाने वाला एक महान वन है इसलिये जिन्हीं तत्त्व ज्ञानी महात्मा ने प्रयत्न पूर्वक आत्मतत्त्वको जानना चाहिये

श्लोक = न गच्छति विना पानं व्याधिरौषध शब्दतः
विना परोक्षानुभवं ब्रह्म शब्दैर्न मुच्यते ॥

अर्थ-औषधको बिना पिये केवल औषधके उच्चारण मात्रसे रोग नहीं जाता इसी प्रकार तत्त्वज्ञानी महात्मासे प्रयत्न पूर्वक आत्मतत्त्वको जानना चाहिये

श्लोक= ना ज्ञान हानिर्न च राग संक्षयो, भवेत्ततः कर्म सदोषमुच्यते ।
(प्रतिषेधिये) ततः पुनः संसृतिरप्य वारिता, तस्मात् बुधो ज्ञान विचार वान्भवेत् ॥

भावार्थ- कर्म के द्वारा अज्ञानका नाश तथा राग का क्षय नहीं हो सकता क्यों कि शुभ कर्मों से पुण्य पापकी उत्पत्ति होती है और पुण्य पापके क्षयसे इष्ट तथा अनिष्ट पदार्थ मिलते हैं, पुनः इन पदार्थों के भोगसे राग की वृद्धि होती है क्यों कि विषय रूपी घृत के पड़ते ही कामनारूपी अग्नि कभी शांत नहीं होती बल्कि बढ़ती जाती है जिससे कि अनिष्ट पदार्थों की उपलब्धि में द्वेष होता है उससे अशुभ विषयकी प्राप्ति एवं प्रतिकूल विषयकी प्राप्ति एवं प्रतिकूल विषयकी प्राप्ति में दुःख होता है दोनों में अनेक सदोष कर्म होते हैं उनसे दारुण कष्ट सहना पड़ता है इस प्रकार संसार चक्र का कभी अंत नहीं होता है संसार चक्रमें रहनेसे बुद्धि मलीन होती है और मलीन बुद्धि से अपने स्वरूपका ज्ञान नहीं होता, अतएव बुद्धिमान पुरुषको चाहिये कि ज्ञान के विचार में तत्पर रहे क्यों कि ज्ञान से अज्ञानका नाश होता है इसलिये ज्ञानका ही निचार करता रहे। क्योंकि बिना ज्ञान के मोक्ष नहीं है

नोट- कर्म मात्रसे सर्वथा मुक्ति नहीं होती है कर्मसे अभ्युदय की वृद्धि होती है धर्म ज्ञानका साधन होसकता है इसलिये निष्काम कर्म करना भी अनुचित नहीं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्लोक नत्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं न पुनर्भवम्।
कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम्॥

श्लोक अश्वमेधसहस्राच्च सत्यं चैतुलया धृतम्।
अश्वमेधसहस्राच्च सत्यमेको विशिष्यते॥

(समाधी चार प्रकारकी)

(१) जाग्रत में जाग्रत जैसे सम्पूर्ण जगत भासमान होता है वह जाग्रत में जाग्रत है
(२) जाग्रत में स्वप्न क्योंकि यह सब अनित्य है ऐसा जानना जाग्रत में स्वप्न समाधि है।
(३) जाग्रत में सुषुप्ति जो आदि में नहीं है वह अन्त में भी नहीं रहेगा इसलिये नहीं है यह सुषुप्ति समाधि है।
(४) जाग्रत में तुरीय यह सब में जो चेतन निज स्वरूप केवली जाग्रत में तुरीय है यह तुरीय समाधि है।

श्लोक भिद्यते हृदयग्रंथिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे॥ मुंडक उपनिषद २-२-८

अर्थ जिसने कार्य कारणात्मक ब्रह्म का साक्षात्कार कर लिया हो उसकी हृदय ग्रंथि (अहंकार अथवा यह देह मैं हूं यह भाव) नष्ट होती है सर्व संशय छिन्न होते हैं और सब प्रारब्ध कर्म छोड़कर आगामी (संचित) कर्म क्षय होते हैं।

(जैसे में नाव रहे तो कोई हानि नहीं पर नाव में जल नहीं रहना चाहिये) साधक संसार में रहे तो कोई हानि नहीं परन्तु साधक के अन्दर संसार नहीं रहना चाहिये। श्री रामकृष्ण परमहंस।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐ. 1h0 ...

सुख प्राप्ति करने जगतमें. जितने ही जितने ध्यायंगे।
उतने ही उतने आत्म से हम दूर हटते जायंगे॥
सुख वास्तवि है आत्म में. गुरु वेद शास्त्र प्रमाण हैं।
जो ढूंढते सुख जगत में. सो मूरख पशु अज्ञान हैं॥१॥
अपने लिवा सब कुछ तजे. नहीं सृष्टि रक्खे दृष्टि में।
भीजा रहे निज रूप में आनन्द रूपी वृष्टि में॥

कोई हाल मस्त कोई माल मस्त कोई मस्त है सुरमे तोते में।
इक खुदमस्ती बिन सभी मस्त हैं पड़े अविद्या स्रोत में।
कोई ऐन मस्त कोई बैन मस्त कोई मस्त है बे मस्ताई में।
इक खुदमस्ती बिन सभी मस्त हैं पड़े मस्त हैं जुदाई में॥
पढ़िये उमर भर शास्त्र सब हु. मिलता न जग का पार है।
न देह के शोधो बिना. नहीं तरण आती तार है॥
मन में पने के दोष से आंखें न अन्धी कीजिये।
तन काश के सर्वज्ञ को छिपा मत लीजिये॥

ॐ सहनाववतु सहनौ भुनक्तु सहवीर्यं करवावहै। तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥
॥ध्यान बिन्दूपनिषत्॥ ॐ सहनाववतु सहनौ भुनक्तु सहवीर्यं करवावहै। तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥
मात्रं ते सम्प्रवक्ष्यामि यथोक्तं पूर्वसूरिभिः। योगतत्त्वज्ञानफलं तस्य मात्रं विचिन्तये॥
महाः
स्तीर्णं बहुयोजनम्। भिद्यते ध्याननयोगेन नान्यो भेदः कदाचन॥
तादृं तत्यो पीरस्थितम्। ल शब्दं चाक्षरे क्षीणे निःशब्दं परमं पदम्॥
शब्दं तस्यशब्दस्य यत्परम्। तत्परं विन्दते यस्तु सयोगी
रसीद मुं॥
अवश्य भेजाहस्रं तस्य भागस्य भागिनः। तस्य भागस्य भागार्धं
दूसरे पत्र पर्यन्तम्॥

(आगे पृष्ठ पर)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(४) ॥ध्यानबिन्दूपनिषत्॥ 3 अनेक दीक्षा हैं छिपेतें

पुष्पमध्ये यथागन्धः पयोमध्ये यथा घृतम् ॥तिलमध्ये यथा तैलं पाषाणेष्विव कांचनम् ॥५॥ एवंमसर्वभूतानि मणौ सूत्र इवात्मनि। स्थिरबुद्धिरसंमूढो ब्रह्मविद्ब्रह्मणि स्थितः ॥६॥ तिलानां तु यथा तैलं पुष्पेगन्धइवाश्रितः। पुरुषस्य शरीरे तु स बाह्याभ्यन्तरे स्थितः॥ ॥७॥ वृक्षं तु सकलं विद्याच्छाया तस्यैव निष्कला। सकले निष्कलेभावे सर्वत्रात्मा व्यवस्थितः॥

॥८॥ओमित्येकाक्षरंब्रह्म ध्येयं सर्वे मुमुक्षुभिः। पृथिव्याग्नेश्च यद्वेदो भूरित्येव पितामहः॥ ९॥ अकारे तु लयं प्राप्ते प्रथमे प्रणवांशके। अन्तरिक्षं यजुर्वायुर्भुवो विष्णुर्जनार्दनः॥ ॥१०॥ उकारे तु लयं प्राप्ते द्वितीये प्रणवांशके। द्यौः सूर्यः सामवेदश्च स्वरित्येव महेश्वरः॥

॥११॥मकारे तु लयं प्राप्ते तृतीये प्रणवांशके। अकारः पीतवर्णः स्याद्रजोगुण उदीरितः॥ १२॥ उकारः सात्विकः प्रोक्तो मकारः कृष्ण तामसः। अर्धांगश्च चतुष्पादं त्रिस्थानं पंच दैवतम्॥ 13॥ ओंकारं यो न जानाति ब्रह्मणो न भवेत्सः। प्रणवो धनुः शरोह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्य मुच्यते॥ १४॥ अप्रमत्तेन वेद्धव्यं शरवत्तन्मयोभवेत। निर्विशेते क्रियाः सर्वास्तस्मिन्द्रष्टे परावरे॥ १५॥ ओंकार प्रभवादेवा ओंकार प्रभवाः स्वराः। ओंकार प्रभवं सर्वं नैवोंकारं सचराचरम्॥ ॥१६॥ ह्रस्वे ह्रस्वो दहति पापानि दीर्घः संपत्प्रदोऽव्ययः। अर्धमात्रा समायुक्तः प्रणवो मोक्षदायकः॥ ॥१७॥ तैल धारामिवाच्छिन्नं दीर्घं घण्टानिनादवत्। अवाच्यं प्रणवस्याग्रं यस्तं वेद स वेदवित्॥

श्लोक - नबलं क्षत्रियस्यहुब्रह्मणा बल वत्तराः।
ब्रह्म ब्रह्मबलंदिव्यं क्षात्रास्त्र बल वत्तरम्॥

अर्थ - क्षत्रियों के बल को बल नहीं कहते हैं, ब्राह्मण क्षत्रियों से अधिक बलवान है
है - ब्रह्म तेज ब्राह्मणों का बल दिव्य बल है, जो क्षत्रिय के बल से अधिक बलवान है
दोदिये. राजा सगर के पुत्रों को कपिल मुनि ने [illegible]

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्लोक- भिक्षाशनं तदपि नीरस मेकवारं
शय्या च भूः परिजनो निज देह मात्रम् ॥
वस्त्रं च जीर्ण शत खण्ड मलीन कन्था ।
हा हा तथापि विषया न परित्यजन्ति ॥

अर्थ- निरस अन्न एकही बेर भीख माँगकर खाते हैं, भूमि पर ही सोते हैं, कुटुम्ब भी उनका देह मात्र है, पुराने वस्त्र सैकड़ों टुकड़ों की सी गुदड़ी पहिने ऐसी दशामें प्राप्त हैं तो भी बड़ा आश्चर्य है कि हमें विषय वासना नहीं छोड़ती ।

श्लोक- मही रम्या शय्या विपुल मुपधानं भुजलता
वितानं चा काशं व्यजन मनुकूलो ऽयमनिलः ॥
दीपश्चन्द्रो विरते वनिता सङ्ग मुदितः सदा
सुखं शान्तः शेते मुनि रतनुभूति र्नृप इव ॥ १५८

अर्थ- भूमि ही जिसकी सुन्दर शय्या है भुजाही सुखदायी तकिया आकाश ही चांदोवा अनुकूल वायु ही पंखा और चन्द्रमा ही दीपक है इन सामग्री से विरक्ता रूपी स्त्री के संग आनन्द से शान्त पुरुष सुख पूर्वक बड़े ऐश्वर्यवान् राजा के समान सुख से शयन करते हैं ।

हे जीव ! जिस परब्रह्म ज्ञान के आगे त्रैलोक्य का राज्य फीका पड़ जाता है उस प्राप्त लोक भोजन वस्त्र और मान देने के भोगों में प्रीति मत कर वही एक भोग रत्न ऐसे श्रेष्ठ को नित्य उदित और प्रकाशित है जिसके स्वाद के सामने त्रैलोक्य राज्य आदि सब ऐश्वर्य निरस लोजते हैं ।

इति १५८ वैराग्यशतक · भर्तृहरिशतक

श्लोक धिग्बलं क्षत्रियबलं · ब्रह्म तेजो बलं बलम् ।
एकेनब्रह्म दण्डेन सर्वास्त्राणि हतानिमे ॥ हतानिमे ॥

अर्थ- क्षत्रिय का बल धिक्कार देने योग्य है । ब्रह्म तेज रूपी बल ही बल है । एक ब्रह्म दंड से मेरे ये सब अस्त्र शस्त्र विफल होगये ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सतं मनुष्याणामानन्दः स एकः पितृणां, शतं पितृणां जितलोकाणामानन्दः स एकः गन्धर्व लोक आनन्दो ऽथ, एशतं गन्धर्व लोक आनन्दः स एकः कर्म देवाणांमानन्दो, एकर्मणा देवत्व मभि सम्पद्यनो ऽथ, एशतं कर्म देवाणांमानन्दा स एकः अजान देवाणां मानन्दो. यश्च श्रोत्रिय ऽवृजिनो ऽकाम हतो ऽथ एशत माजान देवाणांमानन्दाः स एकः प्रजापति लोक मानन्दो यश्च श्रोत्रेमो ऽवृजिनो ऽकामत्तो ऽथ एशतं प्रजापति लोक आनन्दाः स एको ब्रह्म लोक आनन्दो यश्च श्रोत्रियो ऽवृजिनो ऽकामत्तो ऽथ यैष एव पुरुष आनंद एष ब्रह्मलोक सम्राडिति ॥ वेदान्त उपनिषद् ॥

अर्थ यानि वैराग्य होने पर ही मोक्ष है, परम वैराग्य कहा है ॥ —

मनुष्य के सुख से सौ गुणा एक पितृ लोक को। और एक पितृ लोक से सौ गुणा पितृ लोक में चन्द्रमंडल में पितृ लोक, इससे सौ गुणा गन्धर्व लोक में। गन्धर्व लोक से सौ गुणा कर्म देवताओं को जो कर्म से देवत्व को प्राप्त हुए कर्म देवता से सौ गुणा अजान देव को। अजान देव से सौ गुणा प्रजापति को। प्रजापति से सौ गुणा ब्रह्म लोक को। इतना सुख तभी हो जब पुरुष वैराग्य होने पर मोक्ष है। इससे अधिक स्व स्वरूप आनंद प्राप्त होने पर है। इस प्रकार समाधि क्रम से हर एक आनन्द से अनन्त आनन्द अकथ्य वैराग्य के तारतम्य से। और सबसे अधिक आनन्द (मोक्ष) है। इस प्रकार समाधि के द्वारा स्व स्वरूप के दिव्य समाधी ध्यान योग की आवश्यकता है योग जीवब्रह्म की एकता ज्ञान होने से सब आनंद ही आनंद है, इससे अधिक कोई आनन्द नहीं है। समाधी योग साधन से क्रम से सब इच्छा ऐसे ही जाएंगी और स्वतः ही वैराग्य होता जावेगा। यही अनन्त वेदान्त अर्थात् ब्रह्म अनुसार वर्तीव करने से होता है। इस प्रकार आनन्द लिखा है। व्यास जी ने भी लिखा है —

यच्च काम सुखम् लोके यच्च दिव्यं महत्सुखम्।
तृष्णा क्षय सुख स्यैते नार्हतः षोडशीं कलाम् ॥ व्यास

न सुरं देव राजस्य न सुरं चक्रवर्तिनः।
या दृष्टं बीत रागस्य मुनेरेकान्त वासिनः ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(ब्रह्मलोटी सर्व सृष्टि उत्पन्न है)
यही बात तुलसीदासजी ने अपनी रामायण में भी दर्साया है॥

आखिल सृष्टि यह मम उपजाया, सब पर मोरि बराबर दाया।
तिनमें द्विज द्विजनमें श्रुतिधारी, तिनमें निगमधर्म अनुसारी॥
तिनमें प्रिय विरक्त पुनि ज्ञानी, ज्ञानी ते अति प्रिय विज्ञानी।
तिनते पुनि प्रिय मम दासा, जेहि गति मोरि न दूसरि आशा।
नर तनसम नहिं कवनिउ देही, जीव चराचर जाचत तेही॥
सो तनधरि हरि भजहिं न जे नर, होहिं विषय रत मंद मंद तर।
काच किरिच बदले ते लेही, कर ते डारि परस मणि देही॥
नहिं दरिद्र सम दुख जग माहीं, संत मिलन सम सुख जग नाहीं।
पर उपकार वचन मन काया, संत सहज सुभाव खगराया॥
संत सहहिं दुख परहित लागी, परदुख हेतु असंत अभागी।
भूर्ज तरू सम संत कृपाला, परहित निति सह विपति विशाला॥
सन इव खल पर बंधन करई, खाल कढ़ाई विपति सहई।
खल बिनु स्वारथ पर अपकारी, अहि मूषक इव सुनु उरगारी॥
पर संपदा विनाशि नसाहीं, जिमि शशि हति हिम उपल बिलाहीं।
दुष्ट उदय जग आरत हेतू, जथा प्रसिद्ध अधम ग्रह केतू॥
संत उदय संतत सुखकारी, विश्व सुखद जिमि इंदु तमारी।
परम धर्म श्रुति विदित अहिंसा, पर निंदा सम अघ न गिरीसा॥
हर गुरू निंदक दादुर होई, जन्म सहस्र पाव तन सोई।
द्विज निंदक बहु नरक भोग करि, जग जनमइ बायस सरीर धरि॥
सुर श्रुति निंदक जे अभिमानी, रौरव नरक परहिं ते प्रानी।
होहिं उलूक संत निंदा रत, मोह निशा प्रिय ज्ञान भानु गत॥
सब के निंदा जे जड़ करहीं, ते चमगादुर होई अवतरहीं।
सुनहु तात अब मानस रोगा, जिन्ह ते दुख पावहिं सब लोगा॥
मोह सकल व्याधिन कर मूला, तिन ते पुनि उपजहिं बहु शूला।
काम वात कफ लोभ अपारा, क्रोध पित्त नित छाती जारा॥
प्रीति करहिं जौ तीनहु भाई, उपजइ सन्निपात दुखदाई।
विषय मनोरथ दुर्गम नाना, ते शूला नहिं जाहिं बखाना॥
ममता दद्रु कंडु इरषाई, हरष विषाद गरह बहुताई।
पर सुख देखि जरनि सोई छई, कुष्ठ दुष्टता मन कुटिलाई॥
अहंकार अति दुखद डमरुआ, दंभ कपट मद मान नहरुआ।
तृष्णा उदरवृद्धि अति भारी, त्रिविध ईषणा तरुण तिजारी॥
जुग विधि ज्वर मत्सर अविवेका, कहँ लगि कहौं कुरोग अनेका॥
एक व्याधि बस नर मरहिं, ए असाधि बहु व्याधि।
पीड़हिं संतत जीव कहँ, सो किमि लहै समाधि॥
नेम धर्म आचार तप ज्ञान जज्ञ जप दान।
भेषज पुनि कोटिन नहिं रोग जाहिं हरिजान॥
एहि विधि सकल जीव जग रोगी, शोक हर्ष भय प्रीति वियोगी।
मानस रोग कछुक मैं गाये, हहिं सब के लखि बिरलेन्ह पाये॥
जाने ते छीजहिं कछु पापी, नास न पावहिं जन परितापी।
विषय कुपथ्य पाइ अंकुरे, मुनिहु हृदय का नर बापुरे॥
राम कृपा नासहिं सब रोगा, जौ एहि भाँति बनै संयोगा।
सदगुरू वैद वचन विश्वासा, संयम यह न विषय कै आसा॥
रघुपति भक्ति सजीवन मूरी, अनूपान श्रद्धा मति पूरी।
एहि विधि भलेहि सो रोग नसाहीं, नाहिं त जतन कोटि नहिं जाहीं॥

श्लोक: मनुष्याणां सहस्रेषु कश्चिद्यतति सिद्धये।
यततामपि सिद्धानां कश्चिन्मां वेत्ति तत्त्वतः॥ गीता ७/३

अर्थ = परन्तु हजारों मनुष्यों में कोई ही मनुष्य मेरी प्राप्तिरूपी सिद्धि के लिये यत्न करता है और उन यत्न करने वाले योगियों में भी कोई ही पुरुष मेरे परायण हुआ मेरेको तत्त्व से जानता है। अर्थात मुझे जानता है।

जहां काम तृष्णा क्रोध तहां धर्म का नाश।
जैसे चिनगी आग की, पड़ी पुरानी घास॥

भगवान कहते हैं नरक के तीन महाद्वार खुले हुए हैं काम, क्रोध, लोभ इन तीनों को छोड़ना चाहिये

श्लोक: त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।
काम क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥

श्लोक: अहं ब्रह्मेति विज्ञाना त्कल्पकोटिशतान्तिम्।
संचितं विलयं याति प्रबोधात्स्वप्न कर्मवत्॥

जागजाने पर जैसे स्वप्न के कर्म लीन हो जाते हैं वैसे ही ब्रह्म है ऐसा ज्ञान होने से करोड़ों कल्पों के संचित कर्म नष्ट हो जाते हैं॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(इसका तात्पर्य ध्यानमें रखो)

साकारं च निराकारं नेति नेतीति सर्वदा।
भेदा भेद विनिर्मुक्तो वर्तते केवलः शिवः॥

अर्थ = अर्थात न तो साकार है न निराकार है न यह है न वह है न संसार से भिन्न है न अभिन्न है वह तो केवल-खालिस है वही शिव है। अगर समझे तो ऐसा समझे।

हरि देव जगज्जगदेव तदेवहीतो जगतो नाह भिन्न तनुः।
इति यस्य मतिः परमार्थ गतेः स नरो भवसागर मुत्तरति॥

अर्थ - हरि ही जगत है जगत ही हरि है जगत से या हरि से शरीर भिन्न नहीं है। जिसकी ऐसी निश्चय हो गयी है वही परमार्थ रहस्य को समझ सकता है और भवसागर से पार होकर मुक्त होता है।

तात्पर्य - अगर हरि ही जगत है जगत ही हरि है ऐसा समझ लो।

(बन्ध और मोक्ष का स्वरूप) सारांश - अर्थ -

जब चित्त किसी वस्तु की कामना करता है और किसी के लिये शोक करता है किसी का परित्याग करता है और किसी का संग्रह करता है किसी पर हर्षित होता है किसी पर क्रोध करता है तब बन्धन है।

जब चित्त न कुछ चाहता है और न किसी के लिये शोक करता है और न किसी का त्याग करता है और न किसी का संग्रह करता है। और न किसी से हर्षित होता है और न किसी पर क्रोध करता है, जब मुक्ति समझनी चाहिये।

जब चित्त किन्ही दृष्टियों में आसक्त है तब बन्धन है। और जब किसी भी दृष्टि में आसक्त नहीं है तब मोक्ष है।

जब अहंकार नहीं है तब मोक्ष है जब अहंकार है तब बन्धन है। ऐसा समझकर किसी का भी संग्रह अथवा त्याग मत करो। तीनों से रहो अर्थात आत्म आनन्द में मग्न रहो तब ही मोक्ष है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मुनीन्द्र- दिनचर्या (लेखक- पं० रामावतार शास्त्री)

(१) जब ब्रह्म विद्या नामक जागरण कला आजाती है, तथा फिर कभी स्वप्न- विस्मृति रूपी नींद नहीं आती वही मुनीलोगों की सो हम जो- 'प्रातर्जागरण' कहलाता है।

(२) देह, इन्द्रिय, मन, प्राण, बुद्धि अहंकार तथा चित्त नामक अशुचि पदार्थों में जड़ अज्ञान के कारण आत्म बुद्धि करली जाती है, तभी आत्मा में अपवित्रता आजाती है। मुनि को उचित है अपनी आत्मा को वैराग्य रूपी मिट्टी से मांज रगड़ कर तथा साक्षित्व भावना रूपी जल से धो कर (मैं तो इन देह आदियों का साक्षी प्रकाश मात्र हूं इनसे मेरा और मुझ से इनका सम्बन्ध नहीं है) यह साक्षित्व भावना ही कहलाती है) प्रतिदिन बड़े प्रातः से इसी का कहना है जिससे देह आदि अनात्म पदार्थों की वासना रूपी गन्ध का सम्बन्ध सर्वथा छूट जाय।

(३) वैराग्य पूर्वक ज्ञान के अभ्यास में लगे हुए पुरुषों की मुमुक्षुता उनका मुख कहलाता है, क्योंकि उस मुमुक्षुता रूपी मुख से ही ज्ञानी मुक्ति सुख का भोग करते हैं। मुनि को उचित है कि अहंता रूपी जल में अपने मुमुक्षुता रूपी मुख को धो डाले यही तो मुनियों का 'मुख- प्रक्षालन' कहलाता है।

(४) मुनि को उचित है कि ज्ञान सूर्य के उदय होने से पहिले सब जगत को प्रकाशित करने वाले संसार कीसमूल बुद्धियों के एक मात्र साक्षी आत्मदेव के उस वरेण्य तेज को उषाकाल होते ही स्मरण करले तदनन्तर इतर विचार मनन को निरना कहते हैं। वह वरणीय आत्म देव मुझ से भिन्न नहीं है।

(५) कभी जागृत अवस्था आती है कभी स्वप्न होने लगते हैं, तथा कभी सुषुप्ति होजाती है। परन्तु इन तीनों अवस्था के बदलते रहने पर भी मात्र के मुझ में सूक्ष्म तरह जो एक तथा केवल ज्ञप्ति तीनों अवस्थाओं में व्याप्त (अनुगत) होरहा है वही ज्ञान मैं हूं।

(६) ज्ञान तथा अज्ञान ज्ञान और अज्ञान के विषय तथा उन विषयों का अहंता ये सब पदार्थ जिस भूमा चैतन्य में प्रकाशित हो रहे हैं वही मैं हूं।

(७) न तो मैं इस स्थूल शरीर का स्वामी हूं न मैं लिंग शरीर का अभिमानी हूं और न मैं इस कारण शरीर (अज्ञान) वाली अपनी आत्मा समझता हूं, ये तीनों तो असत पदार्थ हैं क्योंकि ये तो अजड़ हैं कल नष्ट होजायंगे, मैं तो सत स्वरूप हूं, जड़ इन्हीं अपने वर्तमान रूप में बना रहता हूं। ये तीनों शक्ति जिससे प्रकाशित हो रहे हैं वही मैं हूं। इन प्रकाश्य पदार्थों में तो मैं कोई सा भी नहीं हूं।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(८) जब मुनिकी मोह निद्रा का भंग होने लगे अज्ञानान्धकार नष्ट होने को तैयार हो। ज्ञानसूर्य विद्या रूपी उदयाचल की चोटी पर चढ़ने की तैयारी करे तो। त्रिविध रूपी दिशाओं में थोड़े थोड़े अलौकिक प्रकाश की झलक दिखाई देने लगे। दिग्भ्रम भी जब नष्ट होने लगता हो आत्म विषय में संदेह रूपी उलूक भी कहीं जा छिपे हो। बस यह विचित्र उषाकाल ही मुनि लोगों के स्नान का उत्तम समय होता है।

(९) निरन्तर बहने वाली ज्ञान रूपी गंगा के निर्विकल्प समाधि रूपी ह्रद में ॐ आदि मूल मंत्रों का जप करते हुए नख से शिखा तक पूरी तरह डूबकी जो मुनि स्नान करते हैं, वे सदैव निर्मल रहते हैं।

(१०) ऐसा स्नान करने के बाद आत्म विषयक प्रेम तथा चित्त स्थिरता रूपी दो निर्मल वस्त्र पहनने पर जिस वृत्ति में चैतन्य रूपी सूर्य का उदय हो वही तो मुनि की प्रतिदिन कहलाती है। मुझे उचित है कि उसी पवित्र वृत्ति की ओर जाऊं। ध्यान रूपी सुख फैलाते, और निरन्तर आत्म चिन्तन ही करता रहे।

(११) अज्ञान को हटाने के कारण पवित्र तथा अज्ञान का बोध कराने में समर्थ तीक्ष्ण अग्र भाग वाली शास्त्रों के गंभीर तात्पर्य रूपी कुशाओं के पवित्र शिखा वाला जो कि देव कर्म के समय पहना जाता है) बनाकर और खेद रहित होकर तीसरे मार्ग से वेदान्त सूत्र रूपी यज्ञोपवीत पहनकर गुरु मंत्रों के पाठ रूपी शिखा बन्धन करे।

(१२) इसके अनन्तर जिज्ञासा रूपी लम्बा तिलक लगाकर आत्म कर्म का आरंभ करे।

(१३) जिस प्रकार अगस्त्य मुनि ने इतने बड़े समुद्र का आचमन कर लिया था उसी प्रकार इन समस्त जड़ पदार्थों को आत्मानात्म विचार रूपी हथेली पर रखकर इनको सम्पूर्ण आचमन कर जाय। जिससे कि केवल एक आत्मा ही शेष रहे। यही मुनियों का आचमन कहलाता है।

(१४) मन का जन्म ही जगत का जन्म और मन का नाश ही जगत का नाश कहलाता है, क्योंकि मन के उन्मेष (संकल्प) तथा निर्मेष (संकल्प विमुखता) से ही जगत की उत्पत्ति और प्रलय होते हैं। समाधि का अभ्यास करते हुए जब किन्हीं पूर्व संस्कारों की प्रबलता से समाधि से व्युत्थान होने लगे तो वह अवस्था मनोलय और मनों जन्म की संधि कहलाती है, इस संधि काल के आने पर मुनि को सन्ध्या का अनुष्ठान करना चाहिये। अनुभवी लोगों के उपदेश से आत्म तत्व का दर्शन करने वालों को जब व्युत्थान होजाने पर भी आत्म दर्शन [illegible] सन्ध्या कहलाती है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(१५) शरीर के अन्दर का वायु प्राण और अपान कहलाता है। उसकी ऊर्ध्वगति और अधोगति नाम की दो मुख्य गतियां होती हैं। ऊपर को जाता हुआ वायु प्राण कहलाता है और नीचे को जाता हुआ अपान कहलाता है। लकड़ी को चीरने के लिये आरा खींचने वाले कारीगरों की तरह अपान प्राण को ऊपर खींचता है, तथा प्राण अपान को खींचता है। इन दोनों की परस्पर इतनी समान खींचातानी होती है कि यह (प्राणोपासक) जीव निश्चल नहीं होने पाता। अतएव चित्त को स्थिर करने के लिये प्राण और अपान को रोकना आवश्यक होता है। जब प्राण चलने लगता है तब चित्त भी चंचल हो जाता है। उसी प्राण को निश्चल करने पर फिर वह स्वयमेव निश्चल हो जाता है अर्थात् प्राण और चित्त दोनों ऊपर नीचे दौड़ने वाले दो कारीगर हैं। जब ऊपर वाला प्राण रूपी कारीगर ऊपर खींचकर ले जाता है, तब नीचे वाला अपान रूपी कारीगर उसे नीचे खींच लाता है। (इस प्रकार) ऐसा कोई मानते हैं। अतः साथ अपान भी स्थिर हो जाता है।

(१६) दूसरे लोगों का मत यह है कि मन के चंचल होने पर (काम क्रोध आदि के कारण) प्राण भी चंचल हो जाते हैं। अर्थात् तीव्र गति से चलने लग जाते हैं। तथा मन के निश्चल हो जाने पर (जब मन किसी गहरे विचार में डूब जाता है) प्राण भी उतने समय तक निश्चल हो जाते हैं।

(१७) कोई तो प्राणों को विजय करके अपने मन को निश्चल करते हैं, कोई मन को विजय करके प्राणों को निश्चल कर लेते हैं। कोई मन को विजय करके प्राणों को निश्चल कर लेते हैं। तीसरे कोई मन और प्राण दोनों को ही रोककर अपने मन को आत्मा में निश्चल करते हैं। इस प्रकार ये तीनों योगी पाये जाते हैं।

(१८) प्राण के द्वारा मन को वश में करना यह हठ योगियों का मत है। विवेकी मनुष्य मन के संकल्प विकल्प को रोकना यह पातंजल योग तथा सांख्यादिकों का मत है। मन और प्राण दोनों को आत्मा में लगाने वाले राजयोगी हैं। इन दोनों की अपेक्षा श्रेष्ठ कहा है।

(१९) इड़ा पिंगला तथा सुषुम्ना नामक तीन मुख्य नाड़ियां इस शरीर में होती हैं। बायें नासिका में रहने वाली इड़ा चन्द्र नाड़ी, दक्षिण नासिका वाली पिंगला सूर्य नाड़ी कहाती है, और इन दोनों के बीच बीच में तथा शरीर के सब मध्य भाग में रहने वाली सुषुम्ना को मोक्ष नाड़ी कहते हैं।

(२०) स्वभावसेही सब का प्राण वायु काम तथा दक्षिण नासिका से बहता रहता है। जब कोई सुयोगी प्राण के इन दोनों स्वभाविक मार्गों को रोक देता है। तो इन दोनों मार्गों के रुकने पर दो मार्गों के रुकजाने पर तीसरे मार्ग को ढूंढने वाली सर्प की तरह वह प्राण वायु तीसरे सुषुम्ना नामक मार्ग में स्वयमेव प्रवेश कर जाता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(२१) मूलाधार चक्र में जीवकी एक कुंडलिनी नामक अति श्रेष्ठ शक्ति सुषुप्त अवस्था में पड़ी रहती है। योगमार्ग के साधन से फिर कुंडलिनी को जगाता है। उसके पश्चात उसे भी साथ लेकर सुषुम्ना नामक मोक्ष मार्ग में प्रवेश करके साधक ब्रह्मरन्ध्र तक पहुंचे जाता है।

(२२) सुषुम्ना में बहने वाला वह प्राण वह प्राण वायु जब ही ब्रह्मरन्ध्र में पहुंचता है त्योंही वहां की अलौकिक शीतलता पाकर वह निश्चल हो जाता है। उसके निश्चल होते ही मन भी स्थिर हो जाता है हठयोग की विधि से मन को लीन करने की यह रीति है।

(२३) संकल्प आदि विघ्न योगी जब संकल्प विकल्प रूपी मनोभाग को बन्द कर देते हैं तो उस मनोनाश से प्राण तथा अपान स्वयमेव बन्द हो जाते हैं। जब तक उक्त विधि से मन को नष्ट नहीं किया जाता तब तक निद्रा, मूर्छा आदि में प्राण चलता ही रहता है;

(२४) परन्तु अन्त में दोनों का सिद्धान्त मनोलय में ही पर्यवसित होता है (मुनियों को) इस प्रकार प्राण और मन के सिद्धान्त को जानकर मनोलय करते हुए प्राणायाम करना चाहिये। केवल प्राणायाम से कुछ काल के लिये मन के रुक जाने पर भी विषय वासनाओं के नष्ट नहीं होने से मन का नाश न हो सकेगा। और केवल विवेक से कुछ काल के लिये मन नष्ट हो जायेगा, तब तक वह मन जीवित रहेगा, तब तक कि मन का दूसरा साथी यह प्राण में घुण रूप से मनोनाश नहीं होगा। इसलिये प्रथमतो मन के मल को हटाने के लिये प्राणायाम करना चाहिये। तदनन्तर जो विवेक उत्पन्न होगा, उसी से सर्वतोमन मनोलय हो सकेगा।

(२५) भगवान रूपी गंगाजल लेकर सब पापों को धो डालने के कर्मी की ही चिदादित्य को पूर्णाजलि दे केवल तीन अर्घ्य देना चाहिये।

(२६) यह सब संसार दृश्य है मैं कूटस्थ हूं (अर्थात इस सब का प्रकाशक हूं) यह सब ज्ञानियों का पहिला अर्घ्य है।

(२७) ब्रह्मसत्ता तीनों काल में अबाधित सत्य पदार्थ है शेष जो संसार है वैसा नहीं है परन्तु अवास्तव है। यही ज्ञानियों का दूसरा अर्घ्य कहलाता है।

(२८) यह दृश्य जगत ब्रह्म में नहीं है। किन्तु सर्वत्र केवल में आत्म चैतन्य ही व्याप्त हो रहा है। यही ज्ञानियों का तीसरा अर्घ्य है।

(२९) इस प्रकार अर्घ्य देने से चिदादित्य में निर्मलता आजाती है तथा वह अधिकारी को अपना रूप दिखलाने के लिये प्रसन्न होजाता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

क्योंकि मन समाधि रूपी ब्रह्मकी बड़ी बाधा है अतः यदि उसमें कोई विघ्न
होजाय अर्थात् किसी कारणसे समाधिसे व्युत्थान होजाय तो प्रायश्चित
(चित्तनाश) की विधिको जानकर तुरन्त ही वह प्रायश्चित कर डालना चाहिये।
जैसे यदि क्रोध उत्पन्न होजानेसे आत्माकी स्वाभाविक स्थितिका भंग होता
उसे क्षमासे नाश करना चाहिये। सत्यसे अनृतका संशोधन करना चाहिये
गुरु तथा वेदान्त-वाक्यों में अश्रद्धारूपी विघ्न उपस्थित हो तो उसे श्रद्धासे
विजय करे। कृपणताको सत्पात्रमें दानके द्वारा परास्त कर डाले।
ध्यान करते समय चित्तमें यदि अत्यन्त सूक्ष्म वासनाएं उत्पन्न होजायं तो
उस अवस्थाको भी ध्यानदृष्टिके द्वारा जानते ऐसा न हो कि समाधि भ्रममें
उसी कृपण अवस्थामें ही समझ बैठे। कृपण अवस्थाका स्वरूप
क्या है?
कृपण-समाधिकी इच्छासे बैठनेसे ज्ञेय और विज्ञेय इन दोनोंके अभावके लिये अर्थात्
ज्ञेय और विज्ञेय नहीं होंगे इसलिये मन रागादि नाश नहीं होता। किंवा स्तब्धताको प्राप्त होते हैं
इसे कृपण कहते हैं। इसलिये कुछ क्षणके लिये योगाभ्यास करके स्तब्ध न होकर
या गाना बोला करना चाहिये ऐसा करनेसे मनोनाश होकर ध्यान में लगेगा।
परन्तु जो मन समरूप ब्रह्मको प्राप्त होजाय तो फिर उसे वहांसे हटाना न
चाहिये व चिरकालतक वहीं लगाये ऐसा प्रयत्न करना चाहिये।
इसीको ब्रह्माकार वृत्तिका कहते हैं।
उस पुण्यावस्थाके प्राप्त होजानेपर उसके आनन्दको भोगने की इच्छा भी मन में न आने दे
यदि उस सुखको भोगनेका विचार मन में उत्पन्न होजायगा तो वह सुख उसी समय
न लौट देगा जैसे लौटे हुए पुरुष भयसे पीछे मुड़कर। अनुभव करनेवाले हृदयमें नहीं
ठहरते इसीप्रकार समाधि सुखका अनुभव समाधिसमय नहीं हो सकता। यदि
ठहरेगा तो समाधि भंग होजावेगी। इसलिये समाधि सुखकी इच्छा न करते हुए
अखण्ड परिपूर्ण चैतन्य मात्रका स्मरण रहे। अपनी एकाग्र बुद्धि की
सतर्कता से ब्रह्ममें लीन होजाय, इस रीतिसे मुक्ति रूपी सिद्धिको वह
प्राप्त कर लेता है। (योगवासिष्ठ से संगृहीत)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्लोक - यथा सुवर्णं पुट पाक शोधितं त्यक्त्वा मलं स्वात्मगुणं समृच्छति
तथा मनः सत्त्व रजस्तमोमलं ध्यानेन सन्यज्य समेति तत्त्वम् ॥

जिसप्रकार अग्नि में पुट पाक विधि से शोधा हुआ सोना समस्त मल को त्यागकर अपने स्वाभाविक स्वरूप को प्राप्त कर लेता है, उसीप्रकार मन ध्यान के द्वारा सत्व रज तम रूप मल को त्याग कर आत्म तत्व को प्राप्त कर लेता है।

श्लोक निरन्तराभ्यास वशात्तदैक्यं, पङ्कं मनो ब्रह्मणि लीयते यदा।
तदा समाधिः स विकल्प वर्जितः स्वतोऽद्वयानन्द रसानुभाव कः ॥

जिस समय सतत निरन्तर अभ्यास से पंक हीन मन ब्रह्म में लीन होजाता है उस समय अद्वितीय ब्रह्मानंद रस का अनुभव करने वाली वह निर्विकल्प समाधि स्वयं ही सिद्ध होजाती है।

श्लोक: समाधिनानेन समस्त वासना - ग्रन्थेर्विनाशो ऽखिल कर्मनाशः।
अन्तर्बहिः सर्वत एव सर्वदा स्वरूप विस्फूर्ति रयत्नतः स्यात ॥

इस निर्विकल्प समाधि से समस्त वासना-ग्रंथि का नाश होजाता है तथा वासनाओं के नष्ट होने से सम्पूर्ण कर्मों का भी नाश होजाता है। अन्तर्बाह्य सर्वत्र बिना प्रयत्न के ही निरन्तर सच्चिदानन्द स्वरूप की स्फूर्ति होने लगती है।

श्लोक: श्रुतेः शत गुणं विद्यान्मननं मननादपि।
निदिध्यासं लक्ष गुणमनन्तं निर्विकल्पकम् ॥

अर्थः वेदान्त के श्रवण मात्र से उसका मनन करना सौ गुणा अच्छा है और मनन से भी लाख गुणा श्रेयस्कर निदिध्यासन (आत्म भावना को अपने चित्त में स्थिर करना) है तथा निदिध्यासन से भी अनन्त गुणा निर्विकल्प समाधि का महत्व है जिससे चित्त की आत्म स्वरूप से चलायमान नहीं होता।

भाग्यवश एकान्त में रहना इन्द्रिय दमन का कारण है। इन्द्रिय दमन चित्त निरोध का कारण है और चित्त निरोध से वासनाओं का नाश होता है तथा वासनाओं के नष्ट होने से योगी को ब्रह्मानन्द रस का अविच्छिन्न अनुभव होता है।

इसलिये मुमुक्षुओं को सदा प्रयत्न पूर्वक चित्त का निरोध करना चाहिये। चित्त निरोध ही योग एवं पुरुषार्थ है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्लोक विक्षेपो नास्ति यस्माने न समाधिस्ततो मम।
विक्षेपोवा समाधिर्वा मनसः स्याद्विकारिणः
यत्कृते अथनेका संगादिबाधा हेतौ। पंचदशी।
जिस लिये मुझे (आत्मा को) विक्षेप नहीं होता है इसलिये मेरी समाधि नहीं है। विक्षेप अथवा समाधि ये दोनों अवस्थायें विकारी जो मन है उसके होते हैं॥ लोकमं किम् स्वमनोविशुद्ध॥

यहां समाधि शब्द से निर्विकल्प समाधि का ग्रहण है मन के नाश करने की वासना नाश करने की वासना भी बंधन का कारण है इस लिये मोक्ष के अर्थी को भी आग्रह रहित होना चाहिये

विवेक चूड़ामणी। पृष्ठ ३९९ से ४०६

निर्विकल्प समाधि के संशय रहित ब्रह्मस्वरूप निश्चित साक्षात प्रतीत होवे है और निर्विकल्प समाधि के नहीं होने से तो निश्चयता ब्रह्म साक्षात्कार नहीं होगा क्यों कि मन के स्वभाव को अति चंचल होने से कदाचित अनात्म प्रतीति से मिश्रित आत्म प्रतीति की भी संभावना होवे है समाधि में मन निश्चय होने से अनात्म प्रतीति की संभावना नहीं हो सकती केवल आत्मा का साक्षात्कार होवे है

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दोहे पृष्ठ पर का अर्थ

मन का रोकना अर्थात् वश में करना मे दोनों मन का धर्म है अर्थात् विक्षेप होना समाधान होना शांत हो जाना यह मन का धर्म है। विक्षेप आता है यह भी न जानना और मन को जानेगा भी नहीं ऐसा न करे। इसमें रम रहे अपने को अलग समझे।

आत्मा में मन का लय हो जाना यानि आत्मा ही समाधि है
समाधिनिर्धूतमलस्य चेतसो। निवेशितस्यात्मनि यत्सुखं भवेत्॥
न शक्यते वर्णयितुं गिरा तदा स्वयं। तदंतः करणेन गृह्यते॥
अर्थ = समाधि से पवित्र हुए मन को आत्मा में लगाने वाले को जो सुख होता है। उसको वाणी नहीं कह सकती। वह केवल अंतः करण से अनुभव की वस्तु है।

योगस्य प्रथमं द्वारं वाङ्निरोधो ऽपरिग्रहः॥
निराशा च निरीहा च नित्यमेकान्तशीलता॥
अर्थ = अब समाधि के साधनों को कहते हैं। मन की एकाग्रता का वाणी का निरोध परमौन। प्रथम साधन है।
ऐसे ही योग के विरोधी द्रव्य हैं जो चिंता आशा के कारण हैं उनका त्याग दूसरा उपाय है, ऐसी आशा का त्याग, ऐसे ही देश देशान्तर में गमनादि के संकल्प का त्याग और सर्वकाल एकान्त देश में निवास करना परम साधन है। देखो चूड़ा भाणे सर्ग 360
दोहे 366

अर्थ: वैराग्य दो प्रकार पुरुषार्थ पक्षीवत्. पक्षी विज्ञानहि विचक्षण त्वम् ।
विमुक्ति सोपाग्रतलाधिरोहणं. ताभ्यां विना नान्यतरेण सिध्यति ॥
है वेदज्ञ ॥ वैराग्य और बोध इन दोनों को पक्षी के दोनों पंखों समान
मोक्षकामी पुरुष के पंख समझो। इन दोनोंमें से। किसी भी
के बिना केवल एक पंखके द्वारा कोई मुक्ति रूपी अटारी पर नहीं चढ़ सका
अर्थात मोक्ष प्राप्त नहि कि सकता है।

श्लोक: अत्यन्त वैराग्यवतः समाधिः समाहितस्यैव दृढ़ प्रबोधः ।
प्रबुद्धतत्त्वस्यहि बन्धमुक्ति-मुक्तात्मनो नित्यसुखानुभूतिः ॥
अर्थ-अत्यन्त वैराग्यवान को ही समाधि लाभ होता है। समाधिस्थ पुरुष को
ही दृढ़ बोध होता है, तथा सुदृढ़ बोधवान को ही संसार बन्धन छूटता है
और जो संसार बन्धन से छूट गया है, उसी को नित्यानन्द का अनुभव होता है।
अध्याय १ । जितेन्द्रिय पुरुष के लिये वैराग्य सेवन करना सुखदायक है।
पृष्ठ १६६ और कुछ भी प्रतीत नहीं होता और कहा है कि हे अतीव दुरात्मन्
